सुविचार
गरीबी दैवी अभिशाप नहीं बल्कि मानवरचित षडयत्र है।
" महात्मा गांधी "

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 341 ■ मंडला, मंगलवार 17 मार्च 2026 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877


## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लैंडस्लाइड, एक की मौत

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बर्फबारी के बीच एक हाइड्रोपावर प्रोज्क्ट के पास हुए लैंडस्लाइड हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। इसी बीच, सेना ने भारी बर्फबारी के कारण किश्तवाड़ के सिंथन टॉप इलाके में फंसे महिलाएं और बच्चे सहित 235 लोगों को रेस्क्यू किया। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए थे। इधर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बर्फ देखने गए टूरिस्ट पूरी रात अटल टनल रोहतांग में फंसे रहे। बर्फबारी के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ने से ट्रैफिक रोक दिया गया था। टनल में करीब हजार गाड़ियां फंसी थीं। इधर, सिक्किम के कई इलाकों में रविवार देर शाम तूफान के साथ मूसलाधार बारिश हुई। कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ और बिजली पोल तक गिर गए। रकडोंग काफर इलाके में पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। ओडिशा के मयूरभंज जिले में भी एक बवंडर ने भारी तबाही मचाई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। तेज तूफान के कारण 70 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है।

### राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा

# खड़गे बोले- सरकार को पहले से पता था, इंतजाम क्यों नहीं किया

नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में छढक्ष् सिलेंडर के संकट को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि छढक्ष् की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है।

### लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल पूरा



**लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल पूरा हुआ :** लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसदे के सवालों के जवाब दिए। राज्यसभा में कार्यकाल पूरा होने पर रंजन गोगोई को विदाई दी गई। 9 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले हफ्ते में विपक्ष के विरोध के कारण सुबह 11 बजे से 12 बजे तक होने वाला प्रश्नकाल पूरा नहीं हो पा रहा था।

पंजाब से अअढ सांसद राघव चड्ढा ने विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सरकार से मांग की है कि शादीशुदा जोड़ों को संयुक्त रूप से आयकर रिटर्न (क्ळफ) दाखिल करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी मिलकर घर की जिम्मेदारियां और खर्च उठाते हैं, इसलिए उन्हें संयुक्त क्ळफ दाखिल करने का विकल्प मिलना चाहिए। इससे परिवारों को टैक्स में बचत होगी और आर्थिक बोझ भी कम होगा। चड्ढा ने सुझाव दिया कि शादीशुदा जोड़ों को अलग-अलग या संयुक्त रूप से क्ळफ दाखिल करने का विकल्प दिया जाए। चड्ढा ने दूसरा मुद्दा उठाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों की दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा बजट में इस पेंशन पर मिलने वाली टैक्स छूट हटा दी गई है।

# बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-DGP को हटाया

कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी बदले; आयोग बोला- ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के क्अर दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की क्अर अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उन्हें चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव से जुड़े पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने रविवार को बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। बंगाल की 294 सीटों पर 2 फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। 4 मई को रिजल्ट आएगा।

**ईसी ने कहा- चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया फैसला :** चुनाव आयोग ने आदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद वह लगातार प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। इसी क्रम में यह फैसला लिया गया है। आयोग का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक बदलाव किए जा रहे हैं।

**5 मार्चः बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा, आरएन रवि नए गवर्नर :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह तमिलनाडु के गवर्नर रहे आरएन रवि को बंगाल भेजा गया है। बोस 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताते हुए कहा था कि ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। गृह मंत्री अमित शाह ने मुझसे राय नहीं ली है।

**पश्चिम बंगाल- 3 बार से ममता बनर्जी ही मुख्यमंत्री**

14 साल से उट ममता के सामने बीजेपी मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी। जयललिता के नाम 5 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है। हालांकि, वह 1991 से 2016 तक अलग-अलग कार्यकाल (लगातार नहीं) में मुख्यमंत्री पद पर रहीं।

## छात्र की डेडबॉडी देने कनाडा सरकार मांग रही 35 लाख

उज्जैन। कनाडा में कार से कुचले गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की बॉडी भारत लाने में परिवार के सामने बड़ी आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। परिजन का कहना है कि कनाडा सरकार बॉडी देने के लिए करीब 40 हजार डॉलर (लगभग 35 लाख रुपए) जमा कराने को कह रही है। इतना ही नहीं, जांच प्रक्रिया के कारण अस्पताल से बॉडी 15 दिन बाद ही दी जाएगी। परिवार ने बताया कि बॉडी को कनाडा से उज्जैन लाने में करीब 10 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ऐसे में परिजन ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बता दें, गुरकीरत सिंह मनोचा की दो दिन पहले कनाडा में कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी।

# तेहरान एयरपोर्ट पर इजराइली हमला

नई दिल्ली। इजराइल ने सोमवार को दावा किया कि उसकी वायु सेना ने रात भर में तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई के विमान पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया, और इस हमले को ईरान की क्षेत्रीय समन्वय क्षमताओं पर एक महत्वपूर्ण प्रहार बताया। इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि इस विमान का इस्तेमाल खामेनेई और अन्य वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों द्वारा सैन्य खरीद को सुविधाजनक बनाने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के माध्यम से सहयोगी देशों के साथ संबंध बनाए रखने के लिए किया जा रहा था। इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि वायु सेना ने तेहरान के 'मेहराबाद' हवाई अड्डे पर ईरानी आतंकी शासन के नेता के विमान को नष्ट कर दिया - इस विमान का इस्तेमाल ईरानी आतंकी शासन के नेता अली खामेनेई, आतंकी शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी सेना के तत्वों द्वारा सैन्य खरीद को आगे बढ़ाने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के माध्यम से धुरी देशों के साथ संबंध बनाए रखने के लिए किया जा रहा था। इसमें आगे कहा गया है, विमान के नष्ट होने से ईरानी आतंकी शासन के नेतृत्व और धुरी देशों के बीच समन्वय स्थापित करने, सैन्य शक्ति का निर्माण करने और शासन की पुनर्वास क्षमता में बाधा उत्पन्न होती है।

# ओडिशा के SCB मेडिकल कॉलेज में लगी आग, 10 मरीजों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में सोमवार को आग लगने की एक दुखद घटना में 10 मरीजों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य मरीज घालय हो गए जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। मोहन मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है।



यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई। घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था। इनमें से 10 मरीजों की अस्पताल के अन्य आईसीयू यूनिटों में स्थानांतरित करते समय मौत हो गई जबकि शेष 13 मरीजों को बचा लिया गया और उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग पर काबू प्राप्त किया। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# बंगाल-असम समेत 5 राज्यों में आचार संहिता

कोलकाता। एउकने रविवार को चार राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और असम के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों का शेड्यूल घोषित किया। इसके साथ ही इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि चुनावी राज्यों में 5,173 से ज्यादा फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं ताकि शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई हो। इसके अलावा, 5,200 से ज्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें भी तैनात की गई हैं। इधर, केरल BJP के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आज पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित किए जाने की उम्मीद है। बंगाल में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। केरल और असम में वोटिंग एक ही चरण में 9 अप्रैल को होगी, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पुडुचेरी में भी वोटिंग 9 अप्रैल को ही होगी। इसके अलावा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा की छह सीटों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं। एउकने बताया कि चारों राज्यों और पुडुचेरी में वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

## रणथम्भौर में वनकर्मियों पर बाघ झपटा:बाइक से गश्त पर निकले थे

सवाई माधोपुर। सवाई माधोपुर के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में 2 वनकर्मी बाल-बाल बचे। बाइक से गश्त के दौरान अचानक टाइगर सामने आ गया। वह वनकर्मियों की ओर झपटा। बड़ी ही तेजी से दोनों वनकर्मी बाइक वहीं छोड़ भागकर कुछ दूर आगे जाकर रुके। करीब 10 मिनट टाइगर बाइक के पास रहा। बाइक को उसने दबोचकर घसीटा भी। इस दौरान वनकर्मियों की सांसें अटकी रहीं। घटना सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे की है।

# पश्चिम एशिया के होर्मुज में नौसैनिक सुरक्षा नहीं भेजेगा जापान

टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान ने जहाजों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नौसैनिक पोत भेजने का कोई निर्णय नहीं लिया है। संसद में बोलते हुए ताकाइची ने कहा कि सरकार अभी भी इस बात की जांच कर रही है कि जापान की कानूनी संरचना के अंदर क्या क्या कदम उठाए जा सकते हैं और वह स्वतंत्र रूप से क्या कार्रवाई कर सकती है। प्रधामंत्री ने कहा, ह्लहमने सुरक्षा जहाजों को भेजने के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि जापान स्वतंत्र रूप से क्या कर सकता है और कानूनी संरचना के अंदर क्या किया जा सकता है।ह्व ताकाइची ने यह भी उल्लेख किया कि अमरीका ने इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा में सहायता के लिए जापान से कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया है।इससे पहले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समाचार चैनलों से कहा था कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को टैंकर यातायात के लिए खुला रखने में सहायता के लिए सात देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं। जापान ऊर्जा आयात के लिए पश्चिम एशिया पर बहुत ज्यादा निर्भर है इसके आयातित ऊर्जा संसाधनों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए वहां के समुद्री मार्गों में स्थिरता महत्वपूर्ण हो जाती है।



# बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बद्रीनाथ धाम, कश्मीर से मनाली तक भारी हिमपात

नई दिल्ली। उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में कुदरत का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के चमोली जिले सहित कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के विकसित इलाकों में रविवार रात से जारी भारी बर्फबारी ने जनजीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ लापता कर देने वाले दृश्य पैदा कर दिए हैं। भारी बर्फबारी के कारण, बद्रीनाथ मंदिर - जिसे श्री बद्रीनाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है - का परिसर बर्फ की एक मोटी सफेद चादर से ढक गया है। आसपास की नीलकंठ पर्वत और नारायण पर्वत की चोटियां भी बर्फ से ढकी हुई दिखाई दीं, जिससे बेहद खूबसूरत नजारे देखने को मिले। इस क्षेत्र में तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे बद्रीनाथ और आसपास के निचले इलाकों में कड़ाके की ठंड फिर से लौट आई है।अधिकारियों ने बताया कि साधना टॉप पर 12 इंच से ज्यादा ताजा बर्फबारी हुई, जबकि सिंथन टॉप पर लगभग छह इंच बर्फबारी दर्ज की गई। सिंथन टॉप के पास भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन फंस गए थे, जिसके बाद रविवार रात को पुलिस और सेना के जवानों ने एक बचाव अभियान शुरू किया और फंसे हुए 214 पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बर्फबारी के कारण घाटी में कई प्रमुख सड़कें भी बंद हो गई हैं, जिनमें गुरेज-बांदीपोरा सड़क, सिंथन-किश्तवाड़ सड़क और मुगल रोड शामिल हैं; मुगल रोड कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र से जोड़ने वाले एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करता है।



### 1,000 से ज्यादा गाड़ियां फंसी

इस बीच, मनाली में अटल टनल के साउथ पोर्टल के पास अचानक हुई बर्फबारी की वजह से एक हजार से ज्यादा गाड़ियां फंस गई हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले तीन घंटों से बचाव अभियान चलाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।




# होर्मुज पार कर शिवालिक खाड़ी देश से भारत ला रहा 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी

**नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कई दिनों तक फंसे रहने के बाद एलपीजी से लदा भारतीय जहाज शिवालिक अब भारत के समुद्री तट पर उतरने वाला है। 40,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी ले जा रहे इस जहाज के गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर लंगर डालने की उम्मीद है, जिससे पश्चिम एशिया संकट के कारण बाधित हुई घरेलू आपूर्ति को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। यह एलपीजी वाहक वर्तमान में भारतीय नौसेना के संरक्षण में है, जो भारत की ओर अपनी यात्रा के अगले चरण के दौरान इस जहाज को सुरक्षा प्रदान कर रही है। इसी बीच एक अन्य एलपीजी टैंकर नंदा देवी ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है।



शनिवार को एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्लू) के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी में परिचालन कर रहे भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और शिपिंग गतिविधियों की निरंतर बारीकी से निगरानी की जा रही है। राजेश सिन्हा ने बताया कि भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार तड़के सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया था और अब भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये लगभग 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं। इनके 16 और 17 मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने आगे जोड़ा कि वर्तमान में फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज परिचालन में हैं और अधिकारी शिपिंग कंपनियों और भारतीय मिशनों के साथ समन्वय में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कॉन्क्लेव के दौरान ईरानी राजदूत मोहम्मद फथाली ईरान ने कहा था कि उनके देश ने दोनों देशों के बीच पुरानी दोस्ती के कारण कई भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# जलप्लावन रोकने महापौर की पहल नाला-नालियों की सफाई का बनेगा रोस्टर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** वर्षा ऋतु से पहले शहर में जलप्लावन की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। बैठक में तय किया गया कि शहर के सभी छोटे-बड़े नाला-नालियों की तड़ीझाड़ सफाई कराई जाएगी। इसके लिए एक विस्तृत रोस्टर तैयार किया गया है। नवाचार के तहत नालों की सफाई के बाद उनकी दीवारों पर सफाई की तिथि और संबंधित सफाई टीम के सदस्यों के नाम भी लिखे जाएंगे, जिससे कार्य की जवाबदेही तय हो सके और नागरिक भी निगरानी रख सकें। महापौर ने बताया कि एल एंड टी नाला और एनएमटी के पास स्थित प्रमुख नालों की विशेष रूप से सफाई कराई जा रही है ताकि वर्षा के समय पानी का बहाव सुचारु बना रहे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में जलभराव की घटनाओं में काफी कमी आई है और इस वर्ष पहले से बेहतर व्यवस्था बनाकर नागरिकों को जलप्लावन से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को शत-प्रतिशत प्रभावी बनाने और नाइट स्वीपिंग को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि शहर सुबह साफ-सुथरा मिले। महापौर ने कहा कि उद्देश्य केवल नालों की सफाई करना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था बनाना है जिससे बारिश के दौरान शहरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## तरुण खटीक हत्याकांड पर उबाल: हत्यारों को फांसी देने की मांग, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के दौरान दलित युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में खटीक समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। 360 गोत्रीय खटीक समाज के अध्यक्ष राजकुमार भोजक ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संप्रदाय विशेष के आपराधिक तत्वों द्वारा की गई इस जघन्य हत्या ने पूरे देश के खटीक समाज को झकझोर कर रख दिया है। समाज के लोगों का कहना है कि यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करती है, बल्कि कमजोर और वंचित वर्गों में भय और असुरक्षा की भावना भी पैदा करती है। घटना की गंभीरता को देखते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर नदीम श्री को सौंपा। ज्ञापन में मॉब लिंचिंग की इस वारदात की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। समाज ने मांग की कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और उन्हें कठोरतम दंड सहित फांसी की सजा दी जाए। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तुरंत देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की भी मांग की गई, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। समाज के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमार भोजक, रमेश पिपरा, मगनलाल पटारिया, शैलेन्द्र भोजक, खूबचंद तोमर, महेंद्र जांगड़े, करन भोजक, महेश रत्नाकर, हीरा राजू, संजय पटारिया, प्रेम घनघोरिया, कपिल भोजक, गुड्डा घनघोरिया, जीत जांगड़े, विकल किरार, रविंद्र तोमर, नीलेश महार, अंकित नायक, पंकज भोजक, अतीश खटीक, सात्विक भोजक, अमन खटीक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



## शहर कांग्रेस सेवा दल के द्वारा भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा का शुद्धिकरण किया गया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मालवीय चौक स्थित भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा है यह देश की स्वतंत्रता आंदोलन की अग्रिम पंक्ति के नेता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक जिन्होंने इस देश की आजादी में अपना सर्वोच्च निछावर किया यह चौराहा राजनीतिक चेतना का केंद्र हमेशा से रहा है ऐसी जगह जब क्रिकेट मैच की जीत की जोश में कुछ नौजवानों ने 8 मार्च 2026 को क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में मूर्ति के ऊपर चढ़कर उन्हें अपमानित करने का कार्य किया हम सब उसकी निंदा करते हैं ऐसी घटनाओं में शासन प्रशासन को जो भूमिका निभानी चाहिए थी उसमें चूक हुई है प्रशासन द्वारा पिछले 10 दिनों से जांच चल रही का वाक्य रखने वाली अधिकारियों से अपेक्षा है कि ऐसी मामलों में वाजिब कार्रवाई करें और शीघ्र कार्रवाई करें आज नगर कांग्रेस सेवादल,महिला कांग्रेस के नेतृत्व में हम सब इस प्रतिमा का दुग्ध अभिषेक गंगाजल दूध और नर्मदा जल से कर रहे हैं ताकि यह बात स्थापित हो कि ऐसी हरकतें किसी भी महामना की प्रतिमा के साथ ना हो यह हमारा शांतिपूर्ण प्रतिकार है प्रशासन से अपेक्षाएं कि वह अपनी भूमिका अदा करें अन्यथा कॉरपोरेशन अपनी हैसियत अपनी ताकत के साथ घटनाओं का प्रतिकार करते रहे हैं और करेंगे उक्त आशय के विचार विधायक लखन घनघोरिया जी ने मालवीय चौक में सेवादल, महिला कांग्रेस इस योजना से आयोजित प्रतिमा अभिषेक समारोह कार्यक्रम में व्यक्त किया इस घटना के बाद ही लगातार प्रशासन से संपर्क करने के बाद भी सिर्फ आश्वासन की जांच का आश्वासन मिलता रहा ऐसे में नगर कांग्रेस सेवा जिला अध्यक्ष सतीश तिवारी उमेश पटेल और राकेश चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम की संयोजन बनाई और इसी घोषित किया कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्र के विधायक माननीय लखन घनघोरिया जी सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव श्रीमती इंदिरा पाठक तिवारी और श्रीमती रेखा जैन जबलपुर कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव पार्षद गुड्डूनवी सेवादल के हिमांशु मिश्रा, विष्णु विनोदिया,अनिल गुप्ता, अशोक यादव, मनोज नामदेव, सनी जैन,राहुल चौबे, पूनम सोनकर फिरोज ठाकरे सहित कांग्रेस अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिल्ली की कंपनी का डायरेक्टर बनकर 7.25 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक शातिर जालसाज द्वारा खुद को दिल्ली की कंपनी का डायरेक्टर बताकर व्यवसायी से 7.25 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अधारताल स्थित जय प्रकाश नगर निवासी 58 वर्षीय आलोक जैन की चंडालभाटा स्थित समदड़िया अभिनंदन कॉम्प्लेक्स में दुकान है। दिसंबर 2021 में जय सिंह माहोबिया नाम के व्यक्ति ने खुद को दिल्ली स्थित मदनतारा इंडस्ट्रीज का डायरेक्टर बताते हुए आलोक जैन की दुकान किराए पर ली थी। 11 महीने का एग्रीमेंट समाप्त होने के बाद जब वह दुकान खाली करने लगा, तभी उसने ठगी की योजना बनाई।

### 3 प्रतिशत ब्याज और ई-बाइक प्रोजेक्ट का झांसा

आरोपी ने पीड़ित को बताया कि उसकी दिल्ली में बड़ी फैक्ट्री है और वह ई-बाइक व बल्ब का व्यापार शुरू कर रहा है। उसने कहा कि यदि एडवांस राशि जमा की जाती है तो जल्द माल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही माल देर से मिलने की स्थिति में 3 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज या लाभ देने का भरोसा भी दिया। विश्वास दिलाने के लिए उसने पीड़ित को दिल्ली बुलाकर कंपनी की सील और लेटरपैड दिखाने का नाटक भी किया। आरोपी की बातों में आकर आलोक जैन ने 20 अप्रैल 2023 को 2.25 लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद आरोपी ने ई-बाइक प्रोजेक्ट में अधिक लाभ का लालच देकर 20 और 21 अप्रैल को बैंक के माध्यम से 5 लाख रुपये और ट्रांसफर करवा लिए। इस तरह आरोपी ने कुल 7.25 लाख रुपये ठग लिए।

### न माल मिला, न पैसे

जब पीड़ित ने माल की मांग की तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा और 3-4 महीने का समय मांगता रहा। बाद में उसने लोन मिलने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 30 हजार रुपये और मांग लिए, जो पीड़ित ने बैंक के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद न तो माल मिला और न ही रकम वापस की गई। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित आलोक जैन ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी जय सिंह माहोबिया के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गुस्साए लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर मालिक की पिटाई की, चालक फरार**

## नशे में धुत कार चालक का तांडव राहगीरों को कुचला; दो की हालत नाजुक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत अमखेरा में रविवार रात शराब के नशे में धुत एक कार चालक ने तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए राहगीरों और दोपहिया सवारों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी और कार मालिक की पिटाई कर दी, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। साथ ही घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे के अनुसार कार क्रमांक एमपी 20 एक्स बी 7706 खजरी खिरिया की ओर जा रही थी। जैसे ही कार अमखेरा के पास पहुंची, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को टक्कर मार दी। हादसे में घायल रोहित रजक, शकील अहमद सहित अन्य घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका सघन उपचार जारी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चालक शराब के नशे में धुत था, जिसके कारण वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश जारी है।

## जबलपुर में दो नाबालिग लड़कियां लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पहला मामला पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम टपरिया गाडाघाट का है। यहां एक युवक ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। उनकी 16 वर्षीय बेटी अपनी मां के साथ कमरे में सो रही थी। रात करीब 3 बजे जब मां की नींद खुली तो बेटी बिस्तर पर नहीं थी। परिजनों ने तुरंत गांव और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। दूसरा मामला खमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम वधार्घाट का है। यहां एक महिला ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



परिजनों के अनुसार किशोरी ने इस वर्ष शासकीय स्कूल रिठौरी से कक्षा 10वीं की परीक्षा दी है। शनिवार शाम करीब 4 से 6 बजे के बीच वह घर से बिना बताए कहीं चली गई और देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दोनों मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।



## गंदगी फैलाने वाले बड़े संस्थानों पर निगम की सख्ती, बी.के. कैसल होटल पर 25 हजार का जुमार्ना

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के उद्देश्य से नगर निगम ने गंदगी फैलाने वाले बड़े व्यावसायिक संस्थानों पर सख्ती शुरू कर दी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार होटलों, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को होटल बी.के. कैसल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल के बेसमेंट में भारी मात्रा में गंदगी और कचरा अव्यवस्थित तरीके से पड़ा मिला। परिसर में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं किए जाने पर निगम अधिकारियों ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए होटल प्रबंधन पर तत्काल कार्रवाई की। स्वच्छता नियमों के उल्लंघन के चलते होटल बी.के. कैसल पर नगर निगम ने 25 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया। निगम की सख्ती के बाद होटल प्रबंधन ने मौके पर ही जुमार्ने की राशि का चेक जमा कर दिया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी संस्थान स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने शहर के सभी होटल संचालकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। नगर निगम की इस कार्रवाई की शहरवासियों ने सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे अन्य संस्थान भी स्वच्छता के प्रति अधिक जिम्मेदार बनेंगे।

## दो दिवसीय विज्ञान दिवस-2026 के प्रथम दिवस पोस्टर, मॉडल व साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल तथा महाकौशल विज्ञान परिषद, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विज्ञान दिवस-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को पोस्टर, मॉडल एवं साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा तथा कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 62 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने मॉडल, पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 17 मार्च को आयोजित समापन सत्र में पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रस्तुत मॉडल, पोस्टर एवं साइंटिफिक रंगोली का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञ डॉ. मीरा रामरख्यानी, डॉ. रेणु पाठक, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. अर्पण शुक्ला, डॉ. पल्लवी शुक्ला एवं डॉ. अपर्णा शर्मा द्वारा किया गया। आयोजकों के अनुसार विज्ञान दिवस-2026 के दूसरे दिन विज्ञान विषय पर मोटिवेशनल व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिसके पश्चात समापन सत्र में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेडमैप के डॉ. अजय तिवारी, कौशल विकास संस्थान की डॉ. मीनल दुबे, डॉ. जया सिंह, डॉ. रोहित पांडेय, एम.एल. केवट, जोहफिशा मंसब अंसारी, रविता सिंह, नंद यादव एवं सविता पठारिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मम्मी जी कहकर बुजुर्ग महिला को झांसे में लिया, जेवर लेकर फरार हुए ठग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में दो शातिर ठगों ने 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मम्मी जी कहकर बातों में फंसाया और लूट का डर दिखाकर सोने के जेवर उतरवा लिए। घटना के बाद आरोपी जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चेरीताल कन्या शाला के सामने रहने वाली बारी बाई पटेल (62) पैदल सब्जी लेने निवाड़गंज मंडी जा रही थीं। जब वह पाण्डे चौक के पास पहुंचीं, तभी 30-35 वर्ष के दो अज्ञात युवक उनसे मिले। आरोपियों ने महिला को मम्मी जी कहकर विश्वास में लिया और साथ चलने को कहा। बातों में उलझाकर आरोपी महिला को बल्देवबाग तक ले गए। वहां से ऑटो में बैठाकर उन्हें गोपाल बाग मोड़ के पास एक गली में ले गए और बातचीत के दौरान उनके मन में डर पैदा किया। ठगों ने महिला से कहा कि आगे कोई व्यक्ति उनके कान के टॉप्स और गले का मंगलसूत्र छीन सकता है, इसलिए वे अपने जेवर उतारकर हाथ में रख लें। डर के कारण बारी बाई ने कान के सोने के टॉप्स और गले का मंगलसूत्र, जिसमें सोने की कटोरी और छह गुरिया लगी थीं, उतारकर आरोपियों को दे दिए।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen
7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
बार कोड स्कैन कर, व्हाट्सएप चैनल से जुड़े
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

# 50 क्विंटल 3 लाख का अवैध महुआ के परिवहन पर संयुक्त टीम की कार्यवाही, ट्रक जप्त, मामला दर्ज

## बिना बिल महुआ, टैक्स चोरी की आशंका



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने अपनी सक्रियता और सख्ती बढ़ा दी है। हाल ही में कलेक्टर के निदेशों पर कार्रवाई करते हुए, प्रशासन की टीम ने चचाई थाना क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ का परिवहन कर रही एक बड़ी खेप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में अवैध व्यापार करने वालों के बीच हड़कंप मचा दिया है। यह पूरी कार्रवाई अनूपपुर के एसडीएम कमलेश पुरी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान चचाई पुलिस, संजय यादव और संजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर परिवहन में लगे वाहन को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि महुआ का परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज, ट्रांजिट परमिट या अनुमति के किया जा रहा था, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से जब्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में मुख्य आरोपी 'बुढार' निवासी दलबीर पाव को बताया गया है। बताया जा रहा है कि दलबीर पाव महुआ का बड़ा व्यापारी है और लंबे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय है। पकड़े गए महुए की मात्रा लगभग 50 क्विंटल बताई जा रही है, जो कि 125 बोरियों में भरकर ले जाई जा रही थी। इतनी बड़ी मात्रा में महुआ की जब्ती प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने इस कार्रवाई में ऋष्ळ विभाग और वन विभाग को भी साथ लेकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया हैः बिना वैध बिल और टैक्स चोरी की आशंका के चलते जीएसटी विभाग द्वारा मामले की सूक्ष्म जांच की जाएगी साथ ही महुआ लघु वनोपज की श्रेणी में आता है, अतः इसके अवैध संग्रहण और परिवहन के नियमों के तहत वन विभाग भी कड़ी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मंडी नियमों के उल्लंघन के तहत आरोपी पर मंडी टैक्स का पांच गुना जुमार्ना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, मामले को न्यायालय में भी पेश किया जाएगा, जहाँ से आरोपी को कानून के अनुरूप सजा और अतिरिक्त अर्थदंड का सामना करना पड़ सकता है।

# ग्रीष्म ऋतु में चिन्हित बसाहटों में पर्याप्त पेयजल की हो उपलब्धता-कलेक्टर

## जनगणना कार्य में गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जनगणना कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में ड्रोन सर्वे के आधार पर ब्लॉकों का विभाजन किया जाए तथा सभी नगरीय निकायों में भौगोलिक सीमाओं और वार्डवार सीमांकन का निर्धारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। कलेक्टर पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए पेयजल संकटग्रस्त बसाहटों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस पर कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने अवगत कराया कि जिले में 31 बसाहटों का चयन किया गया है, जहां टंकियों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर पंचोली ने नवीन नलकूप खनन, पाइप सुधार कार्य तथा हैंडपंप सुधार कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में लेमनग्रास प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में 500 एकड़ क्षेत्र में लेमनग्रास की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर कलेक्टर ने ओरियो ऑयल कंपनी के सहयोग से किसानों की संगोष्ठी आयोजित करने तथा किसानों को लेमनग्रास की खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी से घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर की उपलब्धता, वितरण तथा संधारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा घरेलू उपभोक्ताओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमोदन के पश्चात गैस सिलेंडरों का वितरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए।

## सीएमओ ने किया वार्डों में औचक निरीक्षण

# नालियों से निकला कचरा सड़कों पर मिलने पर जताई नाराजगी, जोन प्रभारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** नगर पालिका परिषद शहडोल की मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने रविवार को नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक का भ्रमण करते हुए पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, जनगणना कार्य तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 1 (कोनी) में बंद पड़े हैंडपंप की जानकारी मिलने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उसे तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए। साथ ही दूसरे हैंडपंप के चबूतरे का निर्माण कराने तथा उसके आसपास समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका उपयंत्री एस.एस. तोमर को दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि स्वच्छता मित्रों द्वारा नालियों से निकाला गया कचरा सड़कों पर ही पड़ा हुआ था, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही थी और गंदगी फैलने की आशंका थी। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कचरा उठाकर उचित स्थान पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड के जोन प्रभारी की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन आवासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया तथा अधिकारियों को योजना के कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 4 में आकाशवाणी के पास सड़क और नाली के अभाव के कारण स्थानीय नागरिकों को हो रही समस्याओं की जानकारी भी सामने आई। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर पालिका उपयंत्री शरद द्विवेदी को स्थल का निरीक्षण कर सड़क एवं नाली निर्माण का प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# एबीवीपी ने शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं पर प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन, निराकरण नही तो उग्र आंदोलन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्रहित राष्ट्रहित व समाज हित में कार्य करते आया है उसी क्रम में आज विद्यार्थी परिषद बिजुरी नगर इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय बिजुरी में निरंतर चल रही समस्याओं को लेकर दो घंटे तक प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का कहना है की महाविद्यालय बिजुरी के प्राचार्य का उदासीन रवैया बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा, महाविद्यालय में लगातार समस्याएं जैसे छात्राओं बहनों के लिए सैनेट्री वेंडिंग मशीन व फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था ना होना, छात्रों को खेलने की सामग्री उपलब्ध ना करना खेल मैदान न होना, छात्र छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी व्यवस्था ना करना ,महाविद्यालय के मुख्य द्वार में सीसीटीवी कैमरे का ना होना, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता व छात्रों से मारपीट के विषय आते रहते हैं इन पर कार्यवाही ना करना, महाविद्यालय में निर्धारित समय सारणी के अनुसार नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाता है, छात्रों को स्थानांतर प्रमाण पत्र टीसी प्राप्त करने के लिए तीन दिवस तक भटकना पड़ता है जो की पूर्णत गलत है, लाइब्रेरी में किसी भी प्रकार की पुस्तकों का ना होना वाईफाई व्यवस्था न होना व अंकसूची प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से भटकना पड़ता है। व अन्य प्रमुख मांगो को लेकर आज विद्यार्थी परिषद ने लगातार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

### अनूपपुर में भी हुआ प्रदर्शन

विद्यार्थी परिषद अनूपपुर नगर इकाई द्वारा हूं द्वारा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में निरंतर चल रही समस्याओं को लेकर दो घंटे तक प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का कहना है पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य का उदासीन रवैया बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा, महाविद्यालय में लगातार समस्याएं जैसे शिक्षकों का धूम्रपान करके महाविद्यालय में आना ,छात्राओं बहनों के लिए सैनेट्री वेंडिंग मशीन व फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था ना होना, छात्रों को खेलने की सामग्री उपलब्ध ना करना ,छात्र छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी व्यवस्था ना करना ,महाविद्यालय के मुख्य द्वार में सीसीटीवी कैमरे का ना होना, छात्रों के आईडी कार्ड का ना होना, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता व छात्रों से मारपीट के विषय आते रहते हैं इन पर कार्यवाही ना करना, लाइब्रेरी का पूर्ण रूप से संचालन ना होना ,प्रेक्टिकल लैबों में जंग लगे उपकरण पुराने रखे हुए हैं नए उपकरणों का प्रयोग ना करना ,जल एवं शौचालय व्यवस्था ठीक ना होना तथा अन्य समस्याओं पर पर ज्ञापन सौपा विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन होगा।

# जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्तदान कर जीवन दान का दिया संदेश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** रक्तदान जीवनदान के उद्देश्य से ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 06 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। ब्लड बैंक अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने उपस्थित रक्तदाताओं को बताया कि रक्तदान शरीर शोधन की एक प्रक्रिया है, रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त तैयार होता है और पहले के रक्त में उपलब्ध कई तरह के कोलेस्ट्रॉल आदि कम होते हैं। लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा व होमगार्ड ,आपदा प्रवंधन उमरिया प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ लोगों को साल में एक बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। इससे बेहतर स्वास्थ्य रहता है।युवाओं से साल में कम से कम दो बार रक्तदान करने का आह्वान किया। रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। रक्तवीर हिमांशु तिवारी ने कहा कि रक्तदान महा दान है। रक्त की दो बूंद से किसी जरूरत मंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, इसलिए इस पुन्य के कार्य में रक्तदान के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर सहयोग देना चाहिए। सभी रक्त वीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में युवा व अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## मालवा अंचल के श्रद्धालु अमरकंटक में कर रहे कुलदेवी देवताओं व अस्त्र-शस्त्र की पूजा, रामघाट पर भजन-कीर्तन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक आस्था की पावन नगरी अमरकंटक में इन दिनों मालवा अंचल से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त श्रद्धालु अपने कुलदेवी-देवताओं तथा उनके अस्त्र-शस्त्रों की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पतित पावनी मां नर्मदा के पावन रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट पर मालवा क्षेत्र से आए श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ में लीन दिखाई दे रहे हैं। सायंकाल श्रद्धालु रामघाट तट पर अपने कुलदेवी-देवताओं तथा उनके प्रतीकात्मक अस्त्र-शस्त्रों की स्थापना कर दीप प्रज्वलित करते हैं और भक्ति भाव से भजन-कीर्तन करते हैं। इसके बाद प्रातःकाल पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के साथ मां नर्मदा में स्नान-डुबकी लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है तथा अपने आराध्य देवी-देवताओं से मनोकामनाएं और मन्नतें मांगी जाती हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान सायंकाल से प्रारंभ होकर दोपहर तक निरंतर चलता रहता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने पारंपरिक व्यंजन जैसे लिट्टी-चोखा और दाल-बाटी बनाकर सामूहिक रूप से भोजन भी करते हैं। रामघाट तट पर पूजा-अर्चना के दौरान कई श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते-नाचते भी दिखाई देते हैं। भक्ति भाव के वातावरण में कई श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था व्यक्त करते हुए उनसे जुड़े प्रश्नों के समाधान भी प्राप्त करते देखे गए। उज्जैन, रायसेन, देवास, रतलाम, धार और सीहोर सहित मालवा क्षेत्र के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच रहे हैं। मालवांचल के श्रद्धालुओं द्वारा कुलदेवी-देवताओं तथा उनके अस्त्र-शस्त्रों की यह पूजा प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के पूर्व की जाती है। विगत दिवस उज्जैन क्षेत्र से लगभग 10 बसों में सवार होकर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवक-युवतियां अमरकंटक पहुंचे और मां नर्मदा के पावन तट पर श्रद्धा-भक्ति के साथ अपने कुलदेवी-देवताओं की आराधना की।

# अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश, घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि जिले में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर राजस्व अधिकारी एवं नगर पालिका अधिकारी सख्त से सख्त कार्यवाही करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि नगर में सब्जी की दुकानों को निर्धारित सब्जी मंडी पर लगवाया जाए , ताकि आवागमन सुगम रूप से हो सके। उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से कहा कि पानी की समस्या कि जानकारी मिलने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि पेयजल की समस्या से आम जनों को जूझना नही पड़े । उन्होने कहा कि सर्वाइकिल कैंसर से बचाव हेतु छात्रावासों की 13 से 15 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी का टीका लगवाया जाए। बैठक में कलेक्टर ने घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की उपलब्धता है । उन्होने कहा कि बुकिंग में आ रही सर्वर डाउन की समस्या के लिए निरंतर रूप से भोपाल स्तर पर संपर्क स्थापित किया जा रहा है । उन्होंने तीनों अनुविभाग के एसडीएम एवं आबकारी विभाग से कहा कि जिले में अवैध रूप से हो रही शराब कि पैकारियों पर निगरानी रखते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# युवती की खेतो में मिली अधजली लाश, गांव में मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले में वारदात का मामला सामने आया है जिसमें एक युवती की अधजली लाश खेतों के बीच बने खंडहर में बरामद हुई है यह लाश किसकी है कि शिनाख्त होना अभी बाकी है लेकिन थाने में दर्ज गुमशुदगी के मामलों में यह कयास लगाए जा रहे हैं की लाश के पास पड़ा एक पर्स और उसमें निकली कागज की पर्ची में नाम काजल बताया जा रहा है। हालांकि जिस स्थिति में ये लाश बरामद हुई है उस स्थिति में उसकी पहचान करना मुश्किल है लिहाजा पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव की पहचान करने के लिए बुलाया है ताकि आगे के कार्यवाही की जा सके इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली गई है। मामला अनूपपुर जिले की जैतहरी थाना के गांव गुंवारी का बताया जा रहा है। अनूपपुर जिले जैतहरी थाना क्षेत्र के गुंवारी गांव में एक अज्ञात युवती का शव पाया गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दोपहर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और स्थल का मुआयना करते पास पड़े एक पर्स की जांच पड़ताल की। जिसमें एक कागज की पर्ची पर काजल पूरी नाम लिखा पाया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से लड़की के संबंध में पूछताछ की। जिसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर, फॉरेंसिक टीम को बुलाकर शव की जांच पड़ताल कराई। खेत मालिक रामखेलावन राठौर रोजाना की तरह अपने खेत पर पहुंचे लेकिन सुने पड़े मकान में लाश पड़ी है इस बात से वह अनजान थे लेकिन जिस जगह पर पेड़ कटाई रामखेलावन राठौर के द्वारा कराई गई थी वहां पहुंचने के बाद उन्हें कुछ जलने की गंध महसूस हुई तो सोने पड़े मकान जो क्षतिग्रस्त अवस्था में था वहां जाकर देखा तो किसी की अब जेल राज पड़ी हुई है जिस बात की सूचना उनके द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया करते शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी के पोस्टमार्टम कक्ष में सुरक्षित रखवा दिया है। एसडीओपी अनूपपुर नवीन तिवारी ने बताया कि खेत मालिक रिटायर्ड फौजी रामखेलावन राठौर अपने खेत गए हुए थे। जहां उनके ही खेत में बने पुराने खंडहरनुमा मकान से दुर्गंध महसूस हुई, पास जाकर देखने पर शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा हुआ था। इसके बाद वह गांव लौटे और ग्रामीणों को जानकारी दी। वहीं पुलिस ने बताया कि काजल पुरी पिता सुक्खीराम पनिका ग्राम लपटा से 17 फरवरी से लापता है। गुमशुद की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित परिजनों को पुलिस ने शव पहचान के लिए बुलाया है। परिजनों के पहचान के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस मामले में अन्य तथ्यों पर जानकारी जुटा रही है।

## संपादकीय

# गैस का संकट तो है

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज शिवालिक 16 मार्च, सोमवार, को मुंडा पोर्ट (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज नंदा देवी 17 मार्च, मंगलवार, को कांडला बंदरगाह (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। रुपए की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को पुरानी दोस्ती की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूसङ्क! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1.62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्याङ्क! बीती 13 मार्च को 88.8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी दहशतपूर्ण बुकिंग है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरूङ्क! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है। नतीजतन मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। 12 साल एक लंबा वक्त होता है, लिहाजा अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की जिम्मेदारी है कि देश संकट में घिरना नहीं चाहिए। यदि संकट वैश्विक है, तो देश को विश्वास में लेना चाहिए कि प्रयास किए जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री का देश को संबोधित करना अनिवार्य है। सरकार कबूल करे कि तेल-गैस का संकट है और उससे पार पाने की कोशिशें की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान कई बार देश को संबोधित किया था। अंततः कोरोना पराजित हुआ। यदि अब गैस एजेंसियों के बाहर जमा भीड़ कांग्रेस, वामपंथी, सपाई कार्यकर्ता या समर्थक हैं और गैस वाकई उपलब्ध है, तो उस भीड़ का संकट हल क्यों नहीं किया जा रहा? भीड़ कुछ हजार ही होगी। आखिर वे भी देश के नागरिक और एलपीजी के पंजीकृत उपभोक्ता हैं! आगामी दो-तीन माह के दौरान बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव हैं। इन राज्यों में कुल 18 करोड़ मतदाता हैं और 11 लाख से अधिक गैस सिलेंडर रोजाना सप्लाई किए जाते हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा को एहसास होगा कि मतदाता का इस समय मानस क्या है? यदि देश में तेल-गैस का कोई भी संकट नहीं है, तो स्पष्ट बताएं। कांग्रेस को कोसने से संकट कम नहीं होने वाला है, प्रधानमंत्री जी! मीडिया में खबरें छप रही हैं कि कई जगहों पर रसोई गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें लोगों की लग रही हैं। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में रसोई गैस की कमी की खबरें आ रही हैं।

# अर्थव्यवस्था की जरूरतों से जुड़े शिक्षा

उल्लेखनीय है कि एक लाख करोड़ रुपए का रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन फंड लॉन्च हुआ है, उसका लाभ देश के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को ताकत देने में किया जाना होगा। साथ ही इस फंड के माध्यम से सरकार को निजी क्षेत्र के लिए तकनीकी शोध, स्टार्टअप में निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस बजट के तहत देश की शिक्षा व्यवस्था को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस जैसी अर्थव्यवस्था की नई वास्तविक जरूरतों से जोड? हेतु प्रभावी पहल की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने शैक्षणिक संस्थानों से उनके परिसरों को उद्योग सहयोग और शोध आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया, ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट के तहत नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) सेक्टर पर विशेष ध्यान भी दिया गया है। निःसंदेह एक अप्रैल 2026 से क्रियान्वित किए जाने वाले आगामी वर्ष के बजट आवंटनों से भारत की जेन-जी पीढ़ी (सन् 1997 से 2012 के बीच पैदाइश) एआई, स्वचालन, नए डिजिटल कौशल, नवाचार और उद्यमशीलता से देश की नई आर्थिक और तकनीकी शक्ति बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ सकेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए जेन-जी पीढ़ी एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ है।



दुनिया में सबसे अधिक जेन-जी की आबादी भारत में है। भारत में जेन-जी की आबादी लगभग 37.7 करोड़ है, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। वस्तुतः भारत में जेन-जी इंजीनियर, जेन-जी डिजाइनर, जेन-जी कोडर और जेन-जी विज्ञानी नई टेक्नोलाजी की रचना कर रहे हैं। जेन-जी भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती है। यह पाया गया है कि भारत की जेन-जी पीढ़ी सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) में लगातार अधिक कामयाब हो रही है। ऐसे में सरकार के द्वारा सेवा क्षेत्र में बढ़ते अवसरों के लिए जेन-जी पीढ़ी के अधिक लोगों को तैयार करना होगा।

जेन-जी पीढ़ी की ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया जाना होगा, वहीं इस पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों में गहरी आस्था के साथ वैश्विक चुनौतियों के लिए भी तैयार किया जाना होगा। सरकार को नए बजट के प्रावधानों से भारत की विशाल और प्रतिभा सम्पन्न जेन-जी पीढ़ी को भारत की नई शक्ति बनाने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से सरकार के द्वारा बजट 2026-27 के तहत युवाओं को एआई आधारित नए दौर के रोजगार मौकों के लिए तैयार करने की रणनीतिक पहल की गई है। ज्ञातव्य है कि 16 फरवरी से 21 फरवरी तक नई दिल्ली से आयोजित इंडिया ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इम्पैक्ट समिट-2026 से भारत की मुठ्ठियों में जो तकनीकी और रणनीतिक मोर्चों पर बड़ी उपलब्धियां आई हैं, उनसे दुनिया के एआई नक्शे पर भारत चमकते हुए दिखाई दे रहा है। इस इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तहत दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों और भारत के बड़े इंडस्ट्री ग्रुप्स ने 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणाएं कर यह संकेत दे दिया है कि आने वाला दशक भारत के लिए एआई बुनियादी ढांचे की ऊंचाई का दशक हो सकता है। समिट के दौरान हुए समझौतों ने यह दिखाया कि भारत सिर्फ एआई तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका बड़ा उत्पादक और निर्यातक बनने की तैयारी में है। यह बात महत्वपूर्ण है कि एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। चूंकि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है।

नीति आयोग की रिपोर्टों के तहत भी बड़ी संख्या में पारंपरिक नौकरियां खत्म होने और एआई से जुड़ी नई नौकरियां निर्मित होने की बात कही गई है। हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने अपनी रिपोर्ट ह्वभविष्य की नौकरियोंह्न में कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई हाई-स्किल्ड नौकरियां पैदा होंगी, जबकि 9.2 करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त होने का अनुमान है जिसके परिणामस्वरूप 7.8 करोड़ अधिक नई नौकरियां पैदा होंगी। ऐसे में तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव इन परिवर्तनों के कारण नई हाई-स्किल्ड नौकरियों को रफ्तार मिलेगी और इससे दुनिया भर में उद्योगों और व्यवसायों को नया रूप मिलता हुआ दिखाई देगा। इसके मद्देनजर देश की नई पीढ़ी को एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित किया जाना होगा। नई पीढ़ी को स्कूली शिक्षा के साथ प्रारंभिक स्तर से ही एआई से जोड़े जाने की रणनीति के साथ आगे बढ?ा होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत सरकार ने तेजी से शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढ? की रणनीति प्रस्तुत की है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश के लिए बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ लगातार बढ़ रहे हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं।

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के तेजी से बढ? से भारत में ख्याति प्राप्त वैश्विक फाइनेंस और कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि एक लाख करोड़ रुपए के रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआई) फंड लॉन्च हुआ है, उसका लाभ देश के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को ताकत देने में किया जाना होगा। साथ ही इस फंड के माध्यम से सरकार को निजी क्षेत्र के लिए तकनीकी शोध, स्टार्टअप, इनोवेशन और औद्योगिक विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना होगा, चूंकि भारत अब टेक्नोलॉजी का उपभोक्ता नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्वकर्ता बन चुका है, अतएव आरडीआई फंड से विज्ञान, उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को नई मजबूती देते हुए वैश्विक विज्ञान नेतृत्व की दिशा में आगे बढ?ा होगा। उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित वेबिनार में देश को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड? के मद्देनजर एआई सहित भविष्य की टेक्नोलॉजी की ओर प्राथमिकता के साथ आगे बढ? का जो आह्वान किया है, उस दिशा में तेजी से आगे बढ? के लिए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार व शैक्षणिक संस्थानों को ध्यान देना होगा।

## राशिफल

**मेष राशि :-** व्यय, बाधा, स्वभाव में उद्विघ्नता, दुःख तथा कष्टप्रद स्थिति बनेगी, धैर्य रखें।

**वृष राशि :-** किसी आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति का वातावरण रहेगा।

**मिथुन राशि :-** योजनायें पूर्ण होंगी, धन का व्यय, व्यवसायिक लाभ होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**कर्क राशि :-** इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्ता कम होगी।

**सिंह राशि :-** मनोबल उत्साववर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या राशि :-** सामर्थ्य और धन अस्त-व्यस्त होगा, सतर्कता से कार्य अवश्य ही निपटा लें।

**तुला राशि :-** मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधन बनेंगे, स्त्री वर्ग से सुख और शांति अवश्य होगी।

**वृश्चिक राशि :-** अग्नि, चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण व धन का व्यय होगा, बनते कार्य रुकेंगे।

**धनु राशि :-** तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, विद्वेश तथा भय बना ही रहेगा।

**मकर राशि :-** विवादग्रस्त होने से बचिये, तनाव, अशांति, मानसिक क्लेश रहेगा।

**कुंभ राशि :-** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य होगा।

**मीन राशि :-** भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, दिन उत्साह से बीतेगा, मनोवृत्ति उत्तम बनेगी ध्यान दें।

# शरीर बन जाएगा 'खून की Foctory', दूर होगी Iron Deficiency, Diet में शामिल करें ये 4 चीजें



शरीर में खून की कमी से होने वाली थकान और कमजोरी को दूर करने के लिए आयरन युक्त आहार आवश्यक है। हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में सहजन, चुकंदर, सफेद तिल और अनार जैसे सुपरफूड्स शामिल करें जो पोषक तत्वों की मशीन हैं। अक्सर शरीर में खून की कमी के कारण थकान और कमजोरी महसूस होती है। क्या आपके शरीर में खून की कमी है? खून की कमी के कारण व्यक्ति को बार-बार चिड़चिड़ापन और कमजोरी महसूस होती होती है। इस दौरान बालों को झड़ना और चेहरे पीला दिखने लगा है, तो आपको जल्द से ही अपने डाइट में इन फूड्स को एड ऑन कर लें। यह फूड्स शरीर में हीमोग्लोबिन को बढ़ाने में मदद करते हैं। आइए आपको बताते हैं अपने आहार में कौन-सी चीजें हासिल करें।

### सहजन की पत्तियां

सहजन को मोरिंगा के नाम से भी जाना जाता है। इसकी पत्तियों को सुपरफूड कहा जाता है। इसमें संतरे से ज्यादा विटामिन सी और दूध से अधिक कैल्शियम पाया जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है। मोरिंगा की पत्तियों का साग, परांठा या सूप बनाकर पिएं। यह हीमोग्लोबिन बढ़ाने की सबसे तेज तरीका है।

### चुकंदर

लाल रंग का यह सब्जी खून की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड और पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। रोजाना एक गिलास चुकंदर का जूस पीने या इसे सलाद में शामिल करने से शरीर में नए रेड ब्लड सेल्स (फ्ङ्खउ) बनने की प्रक्रिया तेज होती है और खून की कमी दूर करने में मदद मिलती है।

### सफेद तिल

सफेद तिल के बीजों में भरपूर आयरन पाया जाता है। एक चम्मच सफेद तिल खाने से शरीर को आयरन और जिंक प्राप्त होता है। इसको आप सलाद पर छिड़ककर, लड्डू बनाकर या चाटनी के तौर पर खा सकते हैं।

### अनार

अनार पोषक तत्वों से भरपूर फल है, इसमें आयरन के साथ-साथ विटामिन उ भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार शरीर आयरन को सही तरीके से अवशोषित तभी कर पाता है जब उसे विटामिन उ भी मिले। अनार में ये दोनों पोषक तत्व एक साथ मौजूद होते हैं, इसलिए इसे खून बढ़ाने के लिए बेहद लाभकारी फल माना जाता है।

# मेदांता गुरुग्राम जबलपुर में स्पेशलिस्ट एक्सपर्टाइज लेकर आया है थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के लिए

जबलपुर। गुरुग्राम की मेदांता- द मेडिसिटी, जिसे न्यूजवीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल बताया है, थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों के लिए खास इलाज तक पहुंच को बेहतर बनाने के मकसद से जबलपुर में एक खास आउटरीच पहल शुरू करके, जटिल ब्लड डिसऑर्डर की देखभाल को आगे बढ़ाने के अपने मकसद को और मजबूत किया। मेदांता गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर, डॉ. सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में, इस सेशन का फोकस बच्चों में ब्लड डिसऑर्डर के मैनेजमेंट में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की बदलाव लाने वाली और जान बचाने वाली क्षमता के बारे में पीडियाट्रिशियन, मेडिकल स्टूडेंट, युवा डॉक्टर और फिजीशियन को जागरूक करना था। डॉ. यादव ने इन ब्लड डिसऑर्डर से प्रभावित बच्चों की पहचान करने, जल्दी डायग्नोसिस करने और सही इलाज के लिए समय पर रेफर करने के मकसद से एक स्क्रीनिंग कैंप भी लगाया। थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया गंभीर ब्लड डिसऑर्डर हैं जिनके सेहत पर गहरे और लंबे समय तक असर होते हैं। भारत में दोनों बीमारियों का बहुत ज्यादा बोझ है -- हर साल, भारत में लगभग 10,000-15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ पैदा होते हैं, जिसमें मध्य प्रदेश में यह काफी ज्यादा है, जबकि पूरे देश में हर साल अप्लास्टिक एनीमिया के लगभग 20,000 नए मामले सामने आते हैं। मेदांता गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर, डॉ. सत्य प्रकाश यादव ने कहा, थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर सिर्फ. मेडिकल चुनौतियाँ ही नहीं हैं, बल्कि वे प्रभावित परिवारों पर काफी इमोशनल और फाइनेंशियल दबाव भी डालते हैं। थैलेसीमिया, एक वंशानुगत ब्लड डिसऑर्डर है, जो शरीर को काफी हेल्दी रेड ब्लड सेल्स बनाने से रोकता है, जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जरूरी हैं। थैलेसीमिया के गंभीर रूपों के साथ पैदा होने वाले बच्चों को रेगुलर ब्लड ट्रांसफ़्यूजन की जरूरत होती है, जिसे आयरन ओवरलोड जैसी कॉम्प्लीकेशंस से बचने के लिए सावधानी से मैनेज किया जाना चाहिए। वहीं, अप्लास्टिक एनीमिया एक ऐसी कंडीशन है जिसमें बोन मैरो जरूरी रेड सेल्स, व्हाइट सेल्स और प्लेटलेट्स नहीं बना पाता, जिससे बहुत ज्यादा थकान, बार-बार इन्फेक्शन और ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। इस कंडीशन में बहुत ज्यादा रिस्क होता है और समय पर डायग्नोसिस और इलाज के बिना, अप्लास्टिक एनीमिया जल्दी ही जानलेवा बन सकता है। डॉ. यादव ने कहा कि कई परिवारों के लिए, कम जानकारी, देर से डायग्नोसिस, और बोन मैरो ट्रांसप्लांट और इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी जैसे एडवांस्ड इलाज तक सीमित पहुंच बड़ी रुकावटें बनी हुई हैं। इन चुनौतियों की वजह से अक्सर समय पर इलाज में देरी होती है, जिससे बच्चों को सही और जान बचाने वाली देखभाल मिलने की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने कहा, बोन मैरो ट्रांसप्लांट से इलाज हो सकता है, फिर भी कम जानकारी और सीमित पहुंच के कारण कई बच्चे समय पर इलाज से चूक जाते हैं। मेदांता में, हम कम्युनिटी आउटरीच, मेडिकल एजुकेशन, और आसानी से मिलने वाली, वर्ल्ड-क्लास देखभाल के जरिए इस कमी को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हर बच्चे को एक हेल्दी भविष्य मिलना चाहिए।ह्व मिलकर काम करने की अहमियत पर जोर देते हुए, डॉ. यादव ने डॉक्टरों, हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स, पॉलिसी बनाने वालों और आम लोगों से बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में जागरूकता बढ़ाने, गलतफहमियों को दूर करने और सपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने में मिलकर काम करने को कहा।

# स्टार प्लस का नया शो तुम देना साथ मेरा



मुंबई। स्टार प्लस दर्शकों के लिए नया शो तुम देना साथ मेरा लेकर आ रहा है। इस शो के जरिए फैंस के पसंदीदा कलाकार सृति झा और शब्बीर अहलूवालिया लंबे समय बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। अपराजिता और रक्षित के रूप में उनकी वापसी ने अभी से टेलीविजन दर्शकों के बीच हलचल पैदा कर दी है। हाल ही में सामने आए प्रोमो में उनकी पहली मुलाकात की एक झलक दिखाई गई है, जो एक गहरी कहानी की ओर इशारा करती है। प्रोमो में दिखाया गया है कि अपराजिता और रक्षित, जो एक-दूसरे के लिए अजनबी हैं, अचानक एक-दूसरे से टकरा जाते हैं। जब रक्षित जमीन पर गिरता है, तो वह अपराजिता से सवाल करता है कि उसे इतनी जल्दी क्यों है। इस पर अपराजिता एक ऐसी बात कहती है जो दिल को छू जाती है कभी-कभी लोग इसलिए जल्दी में नहीं होते क्योंकि उन्हें कहीं पहुँचना होता है, बल्कि इसलिए होते हैं क्योंकि उन्हें कुछ पीछे छोडकर आगे बढ?ा होता है। यह दमदार पल इन दोनों किरदारों के सफर और उनकी किस्मत को लेकर उत्सुकता जगा देता है। भावनाओं की गहराई, दिलचस्प कहानी और टीवी की सबसे पसंदीदा जोड़ी की वापसी के साथ तुम देना साथ मेरा एक ऐसी दिल छू लेने वाली कहानी लाने का वादा करता है जिसे दर्शक बड़े चाव से देखेंगे। सृति झा और शब्बीर अहलूवालिया का दोबारा साथ आना यकीनन इस शो की सबसे बड़ी खासियत है। फैंस पर्दे पर उनकी वही जादुई केमिस्ट्री फिर से देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। तुम देना साथ मेरा जल्द हीं स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।




# अवैध शराब के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, 500 ग्रामीणों ने घेरा बंडोल थाना

### आबकारी विभाग की निष्क्रियता पर उठे सवाल, गांव-गांव शराब पहुंचने की जांच की मांग

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आ गया। कलारबाकी क्षेत्र के करीब 8 से 10 गांवों के लगभग 400 से 500 ग्रामीण महिला-पुरुष एकजुट होकर बंडोल थाना पहुंचे और अवैध शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के लगभग हर गांव में 3 से 4 स्थानों पर खुलेआम देशी और कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। इसके कारण गांवों में आए दिन शराब के नशे में झगड़े, गाली-गलौज और अशांति का माहौल बन रहा है। इस स्थिति से महिलाएं और परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।






**शराब ठेकेदार पर लगे आरोप-** ग्रामीणों ने बंडोल के शराब ठेकेदार गिरवर पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार के लोगों द्वारा रात के अंधेरे में गांव-गांव तक शराब पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के संरक्षण में कई जगहों पर शराब की सप्लाई की जा रही है, जिससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल रहा है।

**आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल-** ग्रामीणों ने आबकारी विभाग की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि अवैध शराब पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी जिस विभाग की है, वही विभाग इस पूरे मामले में मौन दिखाई देता है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि आबकारी विभाग समय-समय पर सख्ती से कार्रवाई करता तो गांवों में इस तरह खुलेआम शराब की बिक्री नहीं हो पाती।

**पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर भी नाराजगी-** ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब की शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सख्ती नहीं होने के कारण शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए और गांव-गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। फिलहाल बंडोल पुलिस ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवनीत मेहरा डेहरिया समाज का कार्यक्रम, होली मिलन भी हुआ आयोजित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** नवनीत मेहरा डेहरिया समाज समिति, जिला सिवनी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, जिसके बाद उपस्थित महिलाओं ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महिला सचिव श्रीमती किरण डेहरिया ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती देवी डेहरिया द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने माहौल को गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया ने अपने उद्बोधन में महिला शिक्षा, अधिकार, सम्मान और समानता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया पहली बार शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और सामाजिक समस्याओं पर गंभीरता से विचार व्यक्त किए। मेहरा समाज महासंघ अध्यक्ष श्रीमती आशा डेहरिया ने भी महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण पर जानकारी दी तथा अपनी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती मोहनी डेहरिया ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आगे बढ़ने का संदेश दिया।




कार्यक्रम में श्रीमती तरूणा डेहरिया, श्रीमती कमलेश डेहरिया, श्रीमती बालकुमारी और श्रीमती पार्वती डेहरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं श्रीमती रूचि पठारिया ने महिलाओं के स्वास्थ्य और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने फागुन गीत गाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय सचिव नवनीत मेहरा डेहरिया समाज समिति जिला सिवनी के श्री दिवांशु साजन डेहरिया का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई तथा अतिथियों और मातृशक्ति के लिए भोजन की व्यवस्था भी कराई, जिसके लिए समाज के सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का आनंद लिया।

# संकल्प समाधान कार्यक्रम के तहत सहकारिता योजनाओं की प्रदर्शनी आयोजित

दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। संकल्प समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में जनपद पंचायत प्रांगण सिवनी में सहकारिता आंदोलन के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों एवं सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों और आम नागरिकों को सहकारी संस्थाओं की भूमिका तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के प्रबंधक श्री पी.के. सूर्यवंशी ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना तथा किसानों और आम नागरिकों को सहकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अंकेक्षक अधिकारी एन.डी. कटरे सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सहकारिता के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

# थोक सब्जी मंडी की अव्यवस्थाओं पर किसान संघर्ष समिति सख्त, जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** शहर की थोक सब्जी मंडी में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं और किसानों को पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के मुद्दे को लेकर अब किसान संगठनों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है। मंडी में किसानों की समस्याओं और थोक मंडी के धीरे-धीरे चिल्लर मंडी में तब्दील होते जाने के मामले को लेकर हमारे संवाददाता ने किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से चर्चा की। किसान नेता राजकुमार सनोडिया ने कहा कि आपके अखबार द्वारा खबरों के माध्यम से किसानों की समस्याओं को जिस तरह प्रमुखता से उठाया जा रहा है, वह सराहनीय है। मंडी में किसानों को मिल रही परेशानियों और थोक मंडी के चिल्लर मंडी में बदलने की स्थिति को संगठन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बहुत जल्द संज्ञान लेते हुए शासन-प्रशासन से चर्चा कर मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन और मंडी प्रबंधन ने जल्द ही व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो किसान संघर्ष समिति किसानों के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेगी। किसानों के साथ हो रहा ऐसा व्यवहार संगठन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। किसान संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि मंडी में केवल किसानों के साथ ही नहीं बल्कि कई व्यापारियों और दलालों के साथ भी अन्याय और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। ऐसे सभी मुद्दों की आवाज अब संगठन जोर-शोर से उठाएगा, ताकि मंडी की व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित हो सके। संगठन ने यह भी कहा कि मंडी प्रशासन और मंडी सचिव की जिम्मेदारी है कि मंडी में किसानों, व्यापारियों और अन्य जुड़े लोगों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यदि मंडी में अव्यवस्था फैल रही है और किसान-व्यापारी दोनों परेशान हैं तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह बनना होगा। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो किसानों के हित में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# हिंदू नववर्ष पर सिवनी में निकलेगी भव्य वाहन रैली

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष के स्वागत में सिवनी नगर में भव्य और दिव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली युवा हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन रैली का आयोजन 19 मार्च, गुरुवार को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। रैली की शुरूआत बड़ा मिशन स्कूल प्रांगण, सिवनी से होगी, जहां से यह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगी। रैली में बड़ी संख्या में युवा, श्रद्धालु एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य भगवा ध्वज के साथ शामिल होंगे। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन कर लोगों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। युवा हिंदू उत्सव समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हिंदू नववर्ष के इस उत्सव को भव्य और सफल बनाने की अपील की है।







# ओवरलोड ऑटो ने रेलवे फाटक के बैरियर को मारी टक्कर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** शहर के छिंदवाड़ा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार रात एक ओवरलोड ऑटो रेलवे फाटक के बैरियर से टकरा गई। घटना के बाद कुछ समय तक यातायात बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार रविवार रात नैनपुरझ्रछिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन के सिवनी से गुजरने के दौरान रेलवे फाटक का बैरियर बंद किया गया था। ट्रेन के निकलने के बाद जब बैरियर खोला जा रहा था, तभी गलत दिशा से आ रही एक ओवरलोड ऑटो अचानक बैरियर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेलवे गेट का बैरियर मुड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। बैरियर क्षतिग्रस्त होने के कारण फाटक को पूरी तरह से नहीं खोला जा सका, जिससे मार्ग पर यातायात रुक गया और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस के सब-इंस्पेक्टर बी.के. सिंह मौके पर पहुंचे और रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर बैरियर की मरम्मत कराई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैरियर को अस्थायी रूप से ठीक कर यातायात बहाल किया गया। बताया गया है कि इन दिनों नागपुरझ्रजबलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण छिंदवाड़ा रोड फाटक पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इस कारण फाटक बंद होने पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं ऑटो चालक के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# छिंदवाड़ा चौक-मठ मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण का जाल, प्रशासन मौन — क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार?

**विनोद दुबे जिला ब्यूरो, दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** शहर के छिंदवाड़ा चौक से मठ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का आरोप है कि इस मार्ग पर कई व्यापारियों ने सड़क तक अपना कब्जा बढ़ा लिया है और दुकानों के सामने ही मालवाहक वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार व्यापारियों द्वारा दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर रखा जाता है और जब माल आता है तो मालवाहक वाहन भी सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। इससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और आवागमन बाधित हो जाता है। कई बार इस वजह से छोटे वाहन चालकों और राहगीरों को दुर्घटना का सामना भी करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार प्रशासन और जिम्मेदार विभागों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों में यह चर्चा भी है कि शायद प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा। बताया गया है कि जब इस संबंध में मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी को जानकारी दी गई तो उसने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि यह मामला फील्ड पुलिस का है, वे आएंगे तो देखेंगे। इस जवाब ने लोगों की नाराजगी और बढ़ा दी। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शहर में छोटे ठेले और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों पर तो तत्काल कार्रवाई हो जाती है, लेकिन बड़े और प्रभावशाली व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर प्रशासन, यातायात पुलिस और नगर पालिका की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि छिंदवाड़ा चौक से मठ मंदिर मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ तत्काल अभियान चलाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुधर सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



# बिना अनुमति नलकूप उत्खनन पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर शीतला पटले

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जारी जल अभावग्रस्त आदेश के तहत बिना सक्षम अनुमति के नलकूप उत्खनन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को दल गठित कर नियमित निरीक्षण करने और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जल स्रोतों एवं नल-जल योजनाओं में लगाए गए अनाधिकृत पंपों को जब्त करने तथा घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए सतत अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों और कृषि उपकरणों की जानकारी देने तथा हार्वेस्टर संचालकों की बैठक लेकर एसएमएस उपकरण का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त विभागवार आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र और संबल योजना से संबंधित आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर 15 वर्ष में प्रवेश कर चुकी सभी बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए शासकीय और निजी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित करने तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए उपलब्ध निशुल्क टीकाकरण के संबंध में पालकों की काउंसलिंग कराने के निर्देश स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को दिए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागवार तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुभागवार जनगणना पोर्टल में प्रगणकों और सुपरवाइजरों की प्रविष्टि समय-सीमा में पूर्ण की जाए तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि जनगणना कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।




## कार्यालय ग्राम पंचायत कलारबांकी
## जनपद पंचायत सिवनी,जिला सिवनी (म.प्र.)

क्र. .../पंचा./2026 — दिनांक 14/03/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत कलारबांकी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी, स्वच्छ भारत मिशन, विधायक निधि,15 वां वित्त आयोग, पंच परमेश्वर मद, परफॉरमेंस ग्रांट,5 वां वित्त से सी सी रोड, पक्की नाली, बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य एवं अन्य निर्माण कार्य संपन्न होना है` जिसके लिए मटेरियल जैसे रेत, ईंट, गिट्टी, लोहा, सीमेंट, आदि क्रय किया जाना है एवं किराए से मिक्सर मशीन ब्राइवेटर लिया जाना है`इस हेतु उपरोक्त सामग्री सप्लायर निविदा में बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत कलारबांकी में समय 12:00 बजे से शाम 5:00बजे तक जमा किया जाना है निविदा जमा करने के लिए दिनांक 18/3/2026 से 24/3/2026 तक समय दोपहर 3:00 बजे तक समय रहेगा।

श्रीमति पिंकी भरत इनबाती (सरपंच ) | श्रीमति अंजू प्रदीप राय (उपसरपंच) | अर्चना विश्वकर्मा (सचिव) ....... (रोज. सहा.)

### पीएम मोदी से मिले सीएम मोहन यादव

# एमपी सरकार की योजनाओं को लेकर हुई बातचीत



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज (सोमवार को) दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सीएम ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नई दिल्ली में भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी को प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं राज्य की प्रगति से अवगत कराया।

**सीएम बोले- हमारी सरकार पीएम के बताए चार वर्गों के लिए काम कर रही :** संसद भवन परिसर में मध्य प्रदेश के सांसदों शंकर लालवानी (इंदौर), राहुल सिंह लोधी (दमोह), आशीष दुबे (जबलपुर), डॉ राजेश मिश्रा (सीधी) के साथ सीएम डॉ मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा की।

सीएम ने कहा प्रधानमंत्री जी द्वारा बांटी गई चारों श्रेणियां - किसान, महिला, गरीब, युवा के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। हम किसान कल्याण वर्ष को बहुत अच्छे से मना रहे हैं। करीब 16 विभागों- पशुपालन, मछली पालन, बागवानी, कृषि जैसे सभी विभागों को जोड़कर अच्छा काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने हमारे काम को आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया है, और इसके नतीजे भी भविष्य में अच्छे होंगे।

# चना काट रही महिला पर जंगली सूअर का हमला

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के हर्रई वन परिक्षेत्र में खेत में चना काट रही एक महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई है और घटना के बाद वन विभाग ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, हर्रई क्षेत्र की रहने वाली लेखवती उइके अपने खेत में चना काटने के लिए गई थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली सूअर खेत में घुस आया और महिला पर सीधा हमला कर दिया। हमले से महिला घायल हो गई। उसके शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर सूअर को भगाया, जिससे उसकी जान बच सकी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला लेखवती उइके ने बताया कि वह खेत में चना काट रही थी, तभी अचानक जंगली सूअर ने हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और सूअर को भगाया, तब जाकर उसकी जान बच पाई।

**मुआवजे की प्रक्रिया हुई शुरू :** वन विभाग के वन रक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा इस पूरी घटना का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही पीड़ित महिला को शासन की ओर से मिलने वाले मुआवजे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल :** गौरतलब है कि छिंदवाड़ा जिले में हाल के दिनों में वन्य प्राणियों के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लगातार हो रहे हमलों के कारण अब वन विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# भोपाल के नापतौल विभाग को सिलेंडर से उड़ाने की धमकी

### बम डिस्पोजल स्कॉड सहित एमपी नगर पुलिस ने की सर्चिंग, नहीं मिला बम




भोपाल। राजधानी भोपाल में पीपुल्स विश्वविद्यालय और एम्स के बाद अब एमपी नगर में स्थित नापतौल विभाग के कार्यालय को साइनाइड गैस से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विभाग में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी बाहर बैठे नजर आए। बम डिस्पोजल स्कॉड सहित पुलिस की टीम ने मौके पर सर्चिंग की। हालांकि कोई बम नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह करीब नौ बजे ई-मेल के माध्यम से धमकी मिली थी। जिसमें बताया गया था कि नापतौल विभाग भोपाल में साइनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रख दिए गए हैं।

**सर्चिंग में कुछ नहीं मिला :** इतना ही नहीं दोपहर एक बजे वह फटेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ बस स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंच गई थी। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। हालांकि सर्चिंग में धमकी फेक पाई गई। क्योंकि मौके पर किसी तरह के कोई सिलेंडर नहीं मिले। बताया जाता है कि इससे पहले पीपुल्स विश्वविद्यालय और एम्स को भी धमकी भरे मेल मिले थे, लेकिन बाद में वह सूचना भी फर्जी निकली थी। हालांकि पुलिस ई-मेल करने वाले व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पैसों के लेनदेन पर बीच सड़क चले लाठी-डंडे

### चौरई के समसवाड़ा में 2 पक्षों में मारपीट; नुकीले हथियार से भी हमला, 8 लोग घायल



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई थाना क्षेत्र स्थित समसवाड़ा गांव में सुबह पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर लाठी-डंडे चल गए, जिसमें दोनों पक्षों के कुल 8 लोग घायल हुए हैं और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह पैसों के लेनदेन को लेकर पहले दोनों पक्षों के लोगों के बीच कहासुनी हुई थी। यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया और दोनों तरफ से लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

**मारपीट का वीडियो आया सामने :** बीच सड़क पर हुए इस विवाद और मारपीट की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों पक्षों के लोग सड़क पर एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर रहे हैं।

**अस्पताल में भर्ती कराए गए 8 घायल :** पुलिस के अनुसार, लाठी-डंडे चलने और मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कुल आठ लोगों को चोट आई है। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

**मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू :** सड़क पर विवाद और मारपीट की सूचना मिलते ही चौरई थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल चौरई थाना पुलिस ने इस घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

# रेत भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 की मौत

### छिंदवाड़ा के झिरीघाट में तड़के 3 बजे हादसा; दबने से चालक और 2 मजदूरों ने तोड़ा दम



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के दमुआ थाना क्षेत्र स्थित झिरीघाट के पास सोमवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसमें दबकर चालक सहित 3 युवकों की मौत हो गई है, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम के अनुसार हादसा सोमवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच दमुआ क्षेत्र के झिरीघाट के पास हुआ। रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली रास्ते से गुजर रही थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लोग नीचे दब गए।

**अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित :** घटना की सूचना मिलते ही दमुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला। तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**मृतकों में चालक और दो मजदूर शामिल :** मृतकों की पहचान ग्राम ब्रजपुरा निवासी ट्रैक्टर चालक रंजू उइके (23) पिता सामा उइके और मोहन वट्टी (26) पिता इतरलाल वट्टी के रूप में हुई है। इसके अलावा सेमरकुही निवासी उमेश धुर्वे (23) पिता अंजन सिंह धुर्वे की भी इस हादसे में मौत हुई है। ग्राम मांडई निवासी प्रार्थी अरविंद गरगाम (29) पिता सबरलाल गरगाम की रिपोर्ट पर थाना दमुआ में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 40/2026 के तहत धारा 281, 125ए और 106(1) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बैतूल में 74 हजार से ज्यादा कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

बैतूल। बैतूल के एक्सीलेंस स्कूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की 74 हजार से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और 30 मार्च के लक्ष्य को पूरा करने के लिए शिक्षक प्रतिदिन 6 घंटे कॉपियां जांच रहे हैं। बैतूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से जारी है। एक्सीलेंस स्कूल स्थित मूल्यांकन केंद्र पर डिकोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कॉपियां जांचने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को दी जा रही हैं।

**प्रतिदिन 45 से 60 कॉपियां जांचने का लक्ष्य :** मूल्यांकन कार्य में लगे प्रत्येक परीक्षक को प्रतिदिन 45 से 60 कॉपियां जांचने का लक्ष्य दिया गया है। प्रति कॉपी जांचने के लिए उन्हें 15 से 16 रुपये का मानदेय मिलता है और यह कार्य प्रतिदिन लगभग 6 घंटे तक किया जा रहा है।

**हायर सेकेंडरी की 44 हजार से ज्यादा कॉपियां जंचीं :** वैल्यूएशन प्रभारी सत्येंद्र उदयपुरे ने बताया कि 15 मार्च तक हायर सेकेंडरी के 18 विषयों की कुल 60,565 कॉपियां मूल्यांकन केंद्र पर प्राप्त हुई हैं। इनमें से 125 मूल्यांकनकर्ताओं ने अब तक 44,346 कॉपियों की जांच पूरी कर ली है।

**हाईस्कूल की 30 हजार से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन :** इसी तरह, हाईस्कूल के 6 विषयों की 55,913 कॉपियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 173 मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा 30,353 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। अब तक कुल मिलाकर हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की 74,699 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो चुका है।

# सॉफ्टवेयर से बने फर्जी बिल, करोड़ों रुपए का भुगतान

### लोकायुक्त के हाथ लगी हार्ड डिस्क; भोपाल निगम के डाटा एनालिसिस से खुलेंगे और नाम



गुणवंत सेवतकर, अपर आयुक्त

भोपाल। भोपाल नगर निगम में बिना काम कराए फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए निकालने के मामले में लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार को की गई छापेमारी के दौरान सर्वर रूम से हार्ड डिस्क जब्त की है। इसका परीक्षण कराया जाएगा, जिससे यह साफ होगा कि फर्जी बिलिंग कर करोड़ों रुपए हड़पने के खेल में अपर आयुक्त वित्त गुणवंत सेवतकर के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे और पूरा फजीर्वाड़ा किस तरह किया जाता था। डाटा एनालिसिस के आधार पर अन्य आरोपियों के नाम सामने आने की उम्मीद है। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी की जाएगी। शिकायतकर्ता ने गुणवंत सेवतकर के खिलाफ नामजद शिकायत की थी, इसलिए प्राथमिकी में उन्हें आरोपी बनाया गया है। उनसे अभी पूछताछ नहीं हो सकी है। जल्द ही नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। शुरूआती जांच में सेंट्रल वर्कशॉप द्वारा भी बड़े पैमाने पर फर्जी बिलिंग पास कराने के साक्ष्य लोकायुक्त के हाथ लगे हैं। इसके बाद रविवार सुबह माता मंदिर के पास स्थित सेंट्रल वर्कशॉप कार्यालय में नगर निगम की टीम ने छापा मारा और यहां से अहम दस्तावेज जब्त किए गए। यहां के जिम्मेदार अधिकारियों को भी लोकायुक्त टीम नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाएगी।

**दस साल का रिकॉर्ड जब्त कर चुकी है लोकायुक्त**

लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने नगर निगम के डाटा सेंटर समेत कई शाखाओं में छापेमारी कर पिछले करीब 10 साल के दस्तावेज और सर्वर डाटा जब्त कर लिया। निगम में फर्जी भुगतान की शिकायत नवंबर 2025 में लोकायुक्त को मिली थी। प्रारंभिक जांच में तथ्य सही पाए जाने पर 9 मार्च को आयुक्त गुणवंत सेवतकर के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट से सर्च वारंट लेकर छापेमारी की गई।

**सॉफ्टवेयर से फर्जी बिल तैयार कराए :** लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के अनुसार, शिकायत में आरोप है कि सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी बिल तैयार कराए गए और बिना काम कराए ही परिचितों व रिश्तेदारों की फर्मों के नाम पर करोड़ों रुपए का भुगतान कराया गया।

# बिजली बिल और पेयजल संकट को लेकर सरपंचों का प्रदर्शन



बैतूल। बैतूल में सोमवार को सरपंच संगठनों ने बिजली बिल और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सरपंचों ने पंचायतों की आर्थिक स्थिति खराब होने और लगातार बढ़ते बिजली बिलों की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सरपंच एकता महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुमरे, सरपंच संघ के प्रदेश सचिव रामा इवने और सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सरपंच कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल-जल योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए पंचायतों ने बिजली कनेक्शन लिए हैं, जिनसे मोटर चलाकर पानी सप्लाई किया जाता है। सरपंचों ने बताया कि कई गांवों में पानी सीमित दिनों में ही मिल पाता है, जिससे ग्रामीण जलकर का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसके कारण पंचायतों पर बिजली बिल की बड़ी राशि बकाया हो गई है।

# जल है तो कल है का नहीं है कोई विकल्प, बूंद-बूंद बचाने के करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री

### म.प्र. नदियों का मायका, जल आत्मनिर्भरता से ही बनेगा समृद्ध प्रदेश : प्रदेश में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**100 दिवसीय अभियान में जल संरक्षण के होंगे कार्य**

**नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन में होगा राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ**

**वृहद् अभियान के लिए सरकार कर रही व्यापक तैयारियाँ**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं। समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मध्यप्रदेश समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़ियां सिर्फ. जल के स्त्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्त्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### जनभागीदारी है अभियान की सबसे बड़ी शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्त्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। मध्यप्रदेश सरकार का यह अभियान इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

### पहले चरण में बनीं 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, कुएं और बावड़ियों की मरम्मत नहर निर्माण, सूखी नदियों का पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण से जुड़ी अन्य संरचनाएं शामिल हैं। इन कामों से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में भूजल स्तर में सुधार देखने को मिला और किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल भी उपलब्ध हुआ है।वर्ष-2025 में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के दूसरे चरण में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए। इस चरण में प्रदेश में 72 हजार 647 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 64 हजार 395 जल संरचनाओं का निर्माण कार्य अभी भी प्रगति पर है। इन कार्यों में खेत तालाब, चेक डैम, स्टॉप डैम, नहर, कुएं, बावड़ियां तथा अन्य जल संचयन संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### मुख्यमंत्री बुंदेलखंड रत्न स्व. श्री अम्बिका प्रसाद दिव्य की जयंती पर किया नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड के रत्न, प्रतिष्ठित काव्यकार, नाटककार, निबन्ध लेखक एवं उपन्यासकार श्री अम्बिका प्रसाद 'दिव्य' की जयंती पर उन्हें विनम्रतापूर्वक नमन कर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. अम्बिका प्रसाद 'दिव्य' का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कृतियों 'बेल कली', 'पन्ना नरेश अमान सिंह', 'जय दुर्ग का रंगमहल', 'बुंदेलखंड का महाभारत' की पृष्ठभूमि में बुंदेलखंड का जनजीवन ही है। मध्यप्रदेश का साहित्य जगत सदैव स्व. श्री प्रसाद के योगदान का ऋणी रहेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध देश का आधार है। इसमें टीकाकरण की अहम भूमिका है। माताओं और शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण से देश का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में शामिल समस्त टीम और संस्थाओं को भी राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### पैदल चलकर बड़ागांव पहुंची कलेक्टर : जनसंवाद शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# बड़ागांव तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र होगा







**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ी पर स्थित जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत मोहपानी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बड़ागांव में शनिवार को जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। इस गांव में मुख्य रूप से भारिया जनजाति के नागरिक निवास करते हैं। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना तथा उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। दुर्गम मार्ग होने के कारण कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी 12 किमी दूरी पहाड़ों पर पैदल चलकर भारिया जनजातीय बाहुल्य ग्राम बड़ागांव पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गांव तक पहुंच मार्ग की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस दौरान संबंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि आगामी सप्ताह में बड़ागांव तक पहुंच मार्ग के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

## महिलाओं को स्वसहायता समूह हेतु किया प्रेरित

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को स्वसहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से आटा



चक्की, मुर्गी पालन, बकरी पालन सहित विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर महिलाएं अपनी आय बढ़ा सकती हैं। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण करने पर गांव में पानी की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा। कलेक्टर ने शिविर में हर घर जल मिशन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण कार्यक्रम, आंगनवाड़ी सेवाएं, स्कूल शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, वाटरशेड एवं जल संरक्षण आदि योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

## जनकल्याणकारी योजनाओं दी जानकारी

जनसंवाद शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विभाग के उप संचालक मोरिस नाथ ने किसानों को विभागीय योजनाओं एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने मुर्गी पालन, बकरी पालन, गौवंशीय पशुपालन सहित पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सीएचओ गोटीटोरिया सौम्या ब्रह्माण ने आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण अभियान सहित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही आधार, समग्र आईडी और जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं से भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं, बुजुर्गों, नागरिकों और बच्चों का मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह और आवश्यक दवाईयां वितरित की गई।

## आंगनवाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम बड़ागांव के आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चों तथा कुपोषित बच्चों की जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर को अवगत कराया गया कि गांव में एक बच्चा कुपोषित पाया गया है। कलेक्टर ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व सीएचओ को निर्देशित किया कि उक्त बच्चे के घर जाकर उसका स्वास्थ्य परीक्षण करें और आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस दौरान कलेक्टर स्वयं सेम बच्चे के अभिभावक को समझाइश देने के उद्देश्य से उनके घर पहुंची। घर पहुंचकर कलेक्टर ने बच्चे के अभिभावक को समझाइश दी कि बच्चे को एनआरसी में भर्ती कराने से उसे उचित उपचार और पोषण मिल सकेगा तथा वह जल्द स्वस्थ हो जाएगा। कलेक्टर की इस समझाइश पर अभिभावक ने बच्चे को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए सहमति व्यक्त की।

## आवासों का किया अवलोकन

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने प्रधानमंत्री आवास- ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत ग्राम बड़ागांव में निर्मित एवं निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही मोहन भारिया, शंकर भारिया एवं विनोद भारिया के आवासों का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान हितग्राही मोहन भारिया का आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने आवास का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की सराहना की और हितग्राही से संवाद कर योजना के संबंध में जानकारी ली। वहीं हितग्राही शंकर भारिया, विनोद भारिया एवं एक अन्य हितग्राही के आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई की बैठक संपन्न

**रेवांचल टाइम्स पन्ना।** संगठन सृजन अभियान के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने हेतु मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निदेर्शानुसार आज स्थानीय पुरानी तहसील परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई की आवश्यक बैठक 15,3,2026 को आयोजित की गई, एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री आदरणीय श्री अजय सिंह (राहुल भैया) विधायक चुरहट के द्वारा बुंदेलखंड यात्रा निकाली जा रही है जो की 20 मार्च को पन्ना पहुंचेगी, बुंदेलखंड यात्रा में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेसी पन्ना पहुंचे इसके विषय में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र नामदेव, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष शशांक लटोरिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष माखन, सर के पवई विधानसभा प्रभारी अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी रम्मू मणि यादव, पुण्य प्रताप सिंह, भूपत शाह बुंदेला, महेश बढ़ौलिया, श्री मति संतोष देवी मिश्रा, महबूब खान, रामसनेही लोधी, उदय प्रताप सिंह, बिट्टा सिंगरौल, नारायण सिंह भदोरिया, राम बहोरी बागरी, श्यामलाल कुशवाहा, खुशी लाल चौधरी, विषभ पटेल, इस्लाम खान, कमलेश प्रजापति, जीवन सिंगरौल सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# वन अमले की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना

## विद्युत लाइन की स्पार्किंग से लगी आग पर वन विभाग ने पाया नियंत्रण






रेवांचल टाइम्स पन्ना। दिनांक 15 मार्च 2026 को रात्रि में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के रैपुरा रेंज अंतर्गत पदस्थ परिक्षेत्र सहायक श्रीमती रंजना नागर घुटेही बीट के स्थायी कर्मियों के साथ नियमित रात्रि गश्ती पर निकली हुई थी। गश्ती के दौरान पन्नाझ्ररैपुरा मुख्य मार्ग के समीप वन क्षेत्र, बीट घुटेही के प्लांटेशन, के पास से गुजर रही 11 केवी उच्च दाब विद्युत लाइन में स्पार्किंग दिखाई दी, जिसके कारण लाइन में आग लग गई थी। स्पार्किंग के चलते नीचे वन क्षेत्र में भी आग फैलने लगी थी, जिससे वन क्षेत्र, वन्यजीव एवं आसपास के क्षेत्र को नुकसान होने की आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन अमले ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए स्थानीय लोगों और राहगीरों को सुरक्षित दूरी पर रोककर तत्काल विद्युत विभाग के लाइनमैन से संपर्क किया तथा विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। इसके पश्चात लाइन के नीचे लगी आग को तत्काल बुझाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। बाद में विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत लाइन का आवश्यक मरम्मत कार्य भी पूरा किया। वन विभाग द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की त्वरित सहायता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। उनकी तत्परता और समन्वय से संभावित वन हानि, जनहानि तथा वन्यजीवों को होने वाले नुकसान को समय रहते रोका जा सका।



## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में आर्ची वर्मा को मिला प्रशिक्षित पत्र

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस कार्मेल स्कूल में बच्चों के विकास और उनकी प्रतिभा निखारने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित जाती हैं। हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में कार्मेल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया गया था। प्रतिस्पर्धा में सफल विद्यार्थियों को हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 प्रशस्ति प्रमाण-पत्र जारी किया। दिल्ली से प्रमाण पत्र जारी करने में दूसरी कक्षा की छात्रा आर्ची वर्मा ने हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में भाग लिया था जिसे प्रतियोगी के रूप में अच्छे अंकों से सफलता पाने पर हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र जारी किया गया है। विद्यालय प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आर्ची पत्रकार अमित वर्मा की पुत्री है शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# छात्राओं को आशा कार्यकताओं ने दी टीकाकरण की जानकारी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस शासन युद्ध स्तर पर महिलाओं में सरवीकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान चला रही है। स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकताओं ने कन्या शाला स्कूल में जाकर 9 से 14 साल की बच्चियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर बीमारी जानकारी से अवगत कराया। चिकित्सों के अनुसार कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में होने वाला कैंसर है, जो मुख्य रूप से ह्यूमन पेपिलोमावायरस एच पी वी के कारण होता है। यह महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे आम कैंसर है, जिसे वैक्सीन (टीका) और समय पर जांच (पैप स्मीयर) से रोका जा सकता है। इसके शुरूआती लक्षण अक्सर नहीं दिखते, लेकिन बाद में अनियमित ब्लीडिंग और दर्द हो सकता है। सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण और लक्षण कारण मुख्य रूप से एच पी वी संक्रमण, जो असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है। या कम उम्र में यौन संबंध, कई यौन साथी, धूम्रपान, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली। लक्षण पीरियड्स के अलावा ब्लीडिंग, रजोनिवृत्ति के बाद ब्लीडिंग,संबंध के बाद दर्द, असामान्य योनि स्त्राव और पेल्विक दर्द। इसका बचाव और उपचार टीकाकरण 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिए एचवी पी वैक्सीन सबसे प्रभावी है। कन्या शाला प्रिंसिपल श्रद्धा श्रीवास्तव ने बताया है कि मैंने अपनी बच्ची का 5 साल पहले यह टीकाकरण करवाया है। यह टीकाकरण सभी माता-पिताओं को अपनी बच्ची को लिए करवाना चाहिए। आशा कार्यकर्ता वंदना सोनी ने बच्चियों को जानकारी दी कि लोगों ने अफवाह फैलाई गई है कि टीका लगवाने से लड़कियां मां नहीं बन सकती जो कि अफवाह है। यह टीकाकरण से कोई दुष्प्रभाव नहीं है टीकाकरण से आगे चलकर लड़कियां कैंसर की बीमारी से सुरक्षित रहेगी। कन्यशाला में जानकारी देते समय राजलक्ष्मी अग्रवाल, रजनी श्रीवास्तव, कृष्ण पगारे, राजकुमारी जाटव, अंबेडकर वार्ड, सुमन यादव, वर्षा ठाकुर, रजनी श्रीवास्तव, पुष्पा कहार, कृष्णा पगारे, संजीदा बानो, सबरा बानो, हिंदूमति लोधी, मिथिलेश सोनी, मनोरमा सोनी नीतू श्रीवतस्तव, सेम प्रदोष सम्मिलित रही।

## एलपीजी आपूर्ति एवं शिकायतों हेतु अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** एलपीजी की आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए एलपीजी से संबंधित जिले में आपूर्ति एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण कराने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यह नियंत्रण कक्ष जिला आपूर्ति कार्यालय में बनाया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने निर्देश दिए हैं कि उक्त अधिकारी एवं कर्मचारी नियमित रूप से गैस एजेंसियों एवं ऑयल कम्पनी के क्षेत्रीय सेल्स ऑफीसर से समन्वय कर एलपीजी की आपूर्ति एवं आमजनों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण करेंगे। जारी आदेश के मुताबिक तहसील नरसिंहपुर व चांवरपाठा के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रंजना सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुश्री शिखा पाठक व राजाराम केवल, गोटेगांव व करेली के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शंकर पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुश्री सविता केवट व सौरभ राय और सांईखेड़ा व गाडरवारा के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राम नारायण दीक्षित, कम्प्यूटर ऑपरेटर चंद्रशेखर सराठे व टीकाराम रजक से सम्पर्क कर सकते हैं।

## नेत्रहीन जीवन संस्था द्वारा दी शानदार प्रस्तुति



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के सुभाष पार्क चैराहे के पास उड़ीसा की नेत्रहीन दिव्यांग मंडली द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि उक्त मंडली द्वारा देश के विभिन्न नगरों मे जाकर सर्वाजनिक स्थलों में निशुल्क प्रस्तुतियां दी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धार्मिक तथा धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए प्रस्तुति दी जा रही है। उक्त आयोजन लिपू जैना, प्रशांत बेहरे, कृष्णा, कादम्बरी, श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

## साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुए 31195 असाक्षर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 14 मार्च को जिले के 1276 सामाजिक चेतना केंद्रों पर अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निदेशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित सम्पन्न हुई। जिसमें 31 हजार 195 असाक्षर शामिल हुए। जिला सह समन्वयक साक्षरता जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर अखलेश राजोरिया ने बताया कि मूल्यांकन परीक्षा में जिले के कुल 31195 असाक्षरों में पुरुष 15063 एवं 16132 महिला असाक्षर सम्मिलित हुए जिसमें विकासखंड सांईखेड़ा में 3355 पुरूष व तीन हजार दो सो पचासी महिला, विकासखंड चीचली में 3175 पुरूष व 3489 महिला, विकासखंड करेली में 2145 पुरूष व 2354 महिला, विकासखंड नरसिंहपुर में 1880 पुरूष व 2390 महिला, विकासखंड गोटेगांव में 2158 पुरूष व 2251 महिला और विकासखंड चांवरपाठा में 2 350 पुरूष व 2363 महिला शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक चेतना केन्द्रों पर तिलक लगाकर असाक्षरों का स्वागत किया गया।

## विजिट आयोजित

**कटनी ।** मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद के छात्र-छात्राओं का ग्राम अमगवा में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने संजय लोधी की नर्सरी का अवलोकन किया। विजिट के दौरान संजय लोधी द्वारा तैयार किए गए आम एवं नींबू के बगीचे का निरीक्षण कराया गया ।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)



# मंत्री के जिले में ही हर घर जल का दम टूटता दिखा

## मवई वनांचल प्यासा, विभाग मौन — कलेक्टर, विधायक और मंत्री की जिम्मेदारी और जल निगम पर उठे सवाल

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** प्रदेश सरकार हर घर जल, हर घर नल का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि मंडला जिले के वनांचल क्षेत्रों में यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। हालात इतने खराब हैं कि कुएं और नदी नालों का पानी तेजी से सूखने की कगार में दिखाई पड़ रहा है और जनता आने वाली गर्मी और पानी की समस्या को लेकर सोच में डूबी हुई हैं कि जब मंत्री के गृह जिले के ये हालात है तो अन्य जिलों का तो भगवान ही मलिक होगा। मवई विकासखंड सहित जिले कई गांवों में ग्रामीण आज भी पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस जिले से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री आती हैं, उसी जिले के ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं।



### कागजों में बह रहा पानी, जमीन पर सूखे नल

सरकारी फाइलों और योजनाओं में हर घर जल की तस्वीर बेहद आकर्षक दिखाई देती है, लेकिन मवई वनांचल की हकीकत बिल्कुल उलट है। कई गांवों में नल-जल योजना के नाम पर पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन आज तक नलों से पानी नहीं निकला। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है।

### विभागीय लापरवाही या मिलीभगत?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (PHE) विभाग पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मवई में विभाग का कार्यालय होने के बावजूद सब-इंजीनियर और अन्य कर्मचारी अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। ग्रामीण शिकायत लेकर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें सुनने वाला कोई नहीं मिलता। 181 हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज होने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होना विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### अधूरी योजनाएं और गायब ठेकेदार

जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई कई योजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। खैरी टिकरिया सहित कई गांवों में ठेकेदार निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर भुगतान लेकर गायब हो गए। आश्चर्य की बात यह है कि विभाग ने आज तक किसी भी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई नहीं की।

### हैंडपंप खराब, पानी के लिए भटकते ग्रामीण

मवई क्षेत्र के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। उन्हें सुधारने के लिए न मैकेनिक उपलब्ध हैं और न ही विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है। ग्रामीण महीनों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। कलेक्टर और विधायक की भी जिम्मेदारी

जिले में लगातार बढ़ते जल संकट के बावजूद प्रशासन की सक्रियता कहीं नजर नहीं आ रही। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देंगे? ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कलेक्टर और क्षेत्रीय विधायक ने स्थिति पर सख्ती से संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह संकट और भयावह हो सकता है।

### मंत्री के गृह जिले में ही योजनाओं की पोल

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रदेश में पेयजल योजनाओं की जिम्मेदारी संभालने वाली मंत्री का गृह जिला होने के बावजूद यहां के वनांचल क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। इससे सरकार के बड़े-बड़े दावों पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### जनहित में कब जागेगा सिस्टम?

मवई सहित पूरे वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण अब पूछ रहे हैं कि आखिर हर घर जल, हर घर नल का सपना कब पूरा होगा? यदि प्रशासन, विभाग और जनप्रतिनिधियों ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली गर्मियों में यह जल संकट विकराल रूप ले सकता है और इसका खामियाजा सीधे आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

# डीजल चोर गैंग पर मंडला पुलिस का शिकंजा

## वाहनों से डीजल उड़ाने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 360 लीटर डीजल और कार जब्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, मंडला।** जिले में लगातार सामने आ रही डीजल चोरी की घटनाओं पर आखिरकार मंडला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सक्रिय गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का डीजल, जरीकेन और एक कार जब्त की है। जिले में पिछले कुछ समय से अलग-अलग थाना क्षेत्रों में खड़े ट्रकों और डम्फरों से डीजल चोरी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सक्रिय गिरोहों की पहचान कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। थाना नैनपुर क्षेत्र में सक्रिय डीजल चोरी गिरोह के 11 आरोपियों की गैंग हिस्ट्रीशीट भी खोली गई थी, जिन पर पुलिस लगातार नजर रखे हुए थी।

**सड़क किनारे खड़े डम्फर से 64 लीटर डीजल पार-** मामले की शुरूआत उस समय हुई जब ग्राम ब्यौहारी (थाना किन्दरई, जिला सिवनी) निवासी डम्फर चालक राहुल सिंगौर ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 14 मार्च की रात गाजीपुर स्थित रितेश ढाबा के सामने डम्फर क्रमांक टढ20फ9507 क्लच प्लेट खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ा कर वह सो गया था। सुबह करीब 4 बजे उठने पर उसने देखा कि डीजल टंकी का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखा करीब 64 लीटर डीजल (लगभग 6000 रुपये कीमत) चोरी हो चुका है।

**पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रकों को भी बनाया निशाना-** इसी गैंग ने हिरदेनगर चौकी, थाना महाराजपुर क्षेत्र के औघटखपरी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रकों को भी निशाना बनाया। कटनी जिले के स्लिमनाबाद निवासी सुखचैन ठाकुर की शिकायत पर जांच में सामने आया कि अलग-अलग ट्रकों से कुल 330 लीटर डीजल (कीमत लगभग 30,875 रुपये) चोरी किया गया था।



**जंगल से घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी-** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए रामनगर तिराहा के पास जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। यहां से पुलिस ने डीजल चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि ये आरोपी नैनपुर में खोली गई गैंग हिस्ट्रीशीट में भी शामिल हैं।

**गिरफ्तार आरोपी-** भूपेंद्र ठाकुर पिता शेर सिंह ठाकुर (37 वर्ष) निवासी ग्राम कुरवारी थाना घंसौर, हाल ग्रीन सिटी जबलपुर राहुल यादव पिता समारू यादव (19 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर नीरज सोनी पिता रमेश सोनी (37 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर पुलिस ने यह सामग्री की जब्त पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से टाटा कंपनी की सफेद रंग की हैरियर कार (टढ20उछ 8552) 12 प्लास्टिक जरीकेन (प्रत्येक 30 लीटर) कुल लगभग 360 लीटर डीजल एक ओप्पो मोबाइल फोन एक गूगल पिक्सल मोबाइल फोन एक इंटेक्स की-पैड मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि डीजल चोरी की घटनाओं में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# एन एस एस का सात दिवसीय शिविर प्रारम्भ

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले के नैनपुर स्नातक महाविद्यालय नैनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम जेवनारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 13.3.26 को किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एम के बघेल ने स्वयंसेवकों का आश्चर्यजन देते हुए व्यक्तिगत विकास जन स्वास्थ्य नशा मुक्ति अभियान पर्यावरण से संरक्षण और विकसित भारत 2024 का अवधारणा से जुड़ी जानकारी थी तथा सभी को शुभकामनाएं प्रदान की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच एक्स यज जन भागीदारी अध्यक्ष दामोदर झारिया उपसरपंच एक्स य ज शिक्षक एक्साइज शिक्षक संतोष ठाकुर डॉक्टर राजेश मास्टरकर, डॉक्टर कुलभूषण रजक, विनोद ठाकुर, मनीष साहू महाविद्यालय परिवार से उपस्थित रहे शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ग्राम पंचायत जेवनारा के सरपंच के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के अपने अनुभवो को साझा किया सरपंच के द्वारा विशेष सहयोग बिजली पानी एवं की व्यवस्था की गई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ जे एस उवेर्ती के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई।






### नगर महामंत्री का इस्तीफा: खुद दिया या दिलवाया गया? भाजपा में तेज हुई चर्चा

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला राजनीतिक दलों में जमीनी कार्यकर्ता निष्ठा व समर्पण से अपनी पार्टी के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। लेकिन बड़े नेताओं द्वारा समय-समय पर अपने स्वार्थों के लिए दल बदल लिया जाता है ऐसे अनेक नामों से हम आप परिचित है और कुछ तो अंदर ही अंदर एक दूसरे को डेमेज करने में लगे रहते हैं। ऐसे ही एक मामले की चर्चा इन दिनों भाजपा के अंदर जोरों से हो रही है मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नैनपुर नगर के महामंत्री ओमप्रकाश गेमनानी द्वारा तीन माह पूर्व पद से इस्तीफा दिया था, जिसे मंजूर करने के लिए जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा नगर अध्यक्ष राकेश रजक को पत्र भी लिखा गया था लेकिन अभी तक इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है। सूत्रों की माने तो ओम प्रकाश गेमनानी द्वारा अपनी मर्जी से इस्तीफा नहीं दिया गया है अपितु कुछ स्थानीय दबंग पदाधिकारियों के गाली गलौज एवं दबाव बनाने पर यह इस्तीफा दिया गया है। इस मामले को लेकर चर्चा व्याप्त है कि नगर पालिका अध्यक्ष बनने की होड़ में यह अभी से उठा पटक की जा रही है फिलहाल यह विषय उच्च पदाधिकारियों के संज्ञान में है।

## गलत इंजेक्शन से मौत का आरोप जिला अस्पताल मंडला में हंगामा, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मध्यप्रदेश के मंडला जिला अस्पताल एक बार फिर विवाद और आरोपों के कारण सुर्खियों में आ गया है। यहां इलाज के दौरान एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण मरीज की मौत हुई है। इस घटना के बाद अस्पताल में तनाव का माहौल बन गया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर तैनात करना पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मंडला निवासी प्रहलाद खरे (57 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार प्रहलाद खरे को शनिवार को गंभीर बीमारी के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि वे सीएलडी (क्रॉनिक लिवर डिजीज) नामक बीमारी से पीड़ित थे और उनकी तबीयत लगातार खराब हो रही थी। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कर डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था। परिजनों का आरोप है दरमियानी रात करीब 1 बजकर 30 मिनट पर ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा मरीज को एक इंजेक्शन लगाया गया। उनका कहना है कि इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद प्रहलाद खरे की हालत अचानक बिगड़ गई और थोड़ी ही देर में उनकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज की तबीयत तेजी से बिगड़ी, जिससे उन्हें शक हुआ कि गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण ही मौत हुई है। मरीज की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने डॉक्टर अंशुल शर्मा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध किया। उनका कहना है कि अस्पताल में सही तरीके से इलाज नहीं किया गया और लापरवाही के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को उठाने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और पोस्टमार्टम किसी दूसरे डॉक्टर की टीम से नहीं कराया जाता, तब तक वे शव नहीं उठाएंगे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन अपने डॉक्टरों को बचाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए वे चाहते हैं कि पोस्टमार्टम किसी स्वतंत्र डॉक्टर या विशेषज्ञ टीम से कराया जाए। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से भी बयान सामने आया है। अस्पताल के आरएमओ (रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर) ने कहा कि मरीज पहले से ही गंभीर बीमारी सीएलडी (क्रॉनिक लिवर डिजीज) से पीड़ित था और उसकी हालत बेहद नाजुक थी। डॉक्टरों ने परिजनों को मरीज को बड़े अस्पताल में रेफर करने की सलाह दी थी, लेकिन किसी कारणवश परिजन उसे रेफर नहीं करा सके। आरएमओ के अनुसार मरीज की हालत पहले से गंभीर थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि




गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप निराधार है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद मृतक के परिजन काफी आक्रोशित हो गए और उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ अभद्रता की। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि कुछ लोगों ने नर्सिंग स्टाफ और ड्यूटी डॉक्टर के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की। इस कारण अस्पताल का माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया था। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। इस घटना ने एक बार फिर जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल में आए दिन किसी न किसी प्रकार की शिकायत सामने आती रहती है। कभी मरीजों और डॉक्टरों के बीच विवाद होता है तो कभी अस्पताल स्टाफ के व्यवहार को लेकर शिकायतें उठती रहती हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले में कई डॉक्टर अपनी निजी क्लिनिक चलाते है और अस्पताल में आने वाले मरीजों को अपने निजी क्लीनिक में इलाज कराने के लिए प्रेरित करते हैं। आरोप है कि अस्पताल में ठीक से इलाज न कर मरीजों को निजी क्लीनिक में बुलाया जाता है, जहां उनसे फीस वसूली जाती है। इसके अलावा कुछ डॉक्टरों पर यह भी आरोप लगता रहा है कि वे अपने संपर्क की पैथोलॉजी लैब से ही जांच कराने के लिए मरीजों पर दबाव डालते हैं। कई मामलों में मरीजों का कहना रहा है कि अगर वे किसी अन्य लैब से जांच कराकर रिपोर्ट लाते हैं तो उसे स्वीकार नहीं किया जाता। साथ ही दवाइयों को लेकर भी इसी तरह के आरोप लगते रहे हैं कि डॉक्टर कुछ विशेष मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां खरीदने के लिए कहते हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर ऐसी शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। इस ताजा घटना ने इन सवालों को फिर से चर्चा में ला दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। अगर जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर मृतक के परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर अस्पताल की लापरवाही के कारण मौत हुई है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। जिला अस्पताल मंडला में हुई यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करती है। अब सबकी नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रशासनिक जांच पर टिकी हुई है।

# बीजाडांडी में संकल्प से समाधान शिविर आयोजित, किसानों को तिल्ली और मूंगफली के बीज वितरित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** बीजाडांडी मंडला विकासखंड बीजाडांडी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से ह्लसंकल्प से समाधानह्व शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जनपद पंचायत बीजाडांडी के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर उनका मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया गया। अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासनिक स्तर पर तुरंत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की ओर से किसानों के हित में विशेष पहल की गई। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों को तिल्ली (तिल) और मूंगफली के बीज का वितरण किया गया, ताकि आगामी कृषि सीजन में किसान इन फसलों की खेती कर अपनी आय बढ़ा सकें। किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए उन्नत बीज उपलब्ध कराए गए और साथ ही उन्हें आधुनिक खेती की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि तिल और मूंगफली जैसी तिलहनी फसलें कम लागत में अच्छी आय देने वाली फसलें हैं। यदि किसान उन्नत बीज और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें तो उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। अधिकारियों ने किसानों को समय पर बुवाई, उचित सिंचाई और कीट नियंत्रण के बारे में भी मार्गदर्शन दिया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पा मरकाम ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीणों और किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ तभी मिल सकता है जब ग्रामीण सक्रिय रूप से शिविरों में भाग लें और अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखें। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाएं। वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने कहा कि ह्लसंकल्प से समाधानह्व शिविर का उद्देश्य गांव-गांव तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है तथा लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने



का अवसर मिलता है। शिविर में जनपद सदस्य राजेन्द्र पुट्टा, मदन सिंह, समईलाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किसानों को बीज वितरित कर उन्हें बेहतर खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सीईओ, कृषि विभाग की एसएडीओ संगीता श्रीवास्तव, एईओ प्रकाश मरावी, अनिल मुनिया, पुष्पेंद्र वर्मा, वकील चक्रवर्ती, गायत्री झरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और प्राप्त आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया भी शुरू की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे। लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें , कृषि, सुरक्षा योजनाओं और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। अधिकारियों ने इन आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कुल मिलाकर बीजाडांडी में आयोजित ह्लसंकल्प से समाधानह्व शिविर ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित हुआ। शिविर के माध्यम से जहां लोगों की समस्याओं को सुना गया, वहीं किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर उन्हें खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशासन का मानना है कि ऐसे शिविरों के आयोजन से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलती है और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति मिलती है।




**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, मण्डला**

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, मण्डला प्रधान कार्यालय मण्डला के लिये वर्ष 2026–27 हेतु (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) टैक्स आडिट करने हेतु टैक्स सलाहकार की नियुक्ति एवं बैंक से संबंधित 87 समितियां (बी–पेक्स) के लिये टैक्स आडिट एवं इनकम टैक्स के रिटर्न फाईल करने के लिये मण्डला एवं डिण्डौरी जिला क्षेत्र के (स्थानीय) चार्टर्ड अकाउन्टेंट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम से शीलबंद निविदायें बैंक को दिनांक 24.03.2026 शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें बैंक की सक्षम कमेटी द्वारा खोली जाकर स्वीकृत/अस्वीकृत की जा सकती है। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक की सक्षम कमेटी को होगा।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है–

(1) जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का टैक्स आडिट करना, जी.एस.टी. से संबंधित डिडेक्शन एवं कलेक्शन सभी रिटर्न फाइल करना, इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना एवं आयकर विभाग से प्राप्त नोटिस नये एवं पुराने प्रकरणों का निराकरण कराना।
(2) मण्डला एवं डिण्डौरी जिले की 87 समितियों (बी–पैक्स) के लिये टैक्स आडिट करना, इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना, जी.एस.टी. रिटर्न से संबंधित सभी रिटर्न फाइल करना एवं आयकर विभाग द्वारा जारी किये गये नोटिस का निराकरण कराना आदि।
(3) वर्ष 2026–27 हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, मण्डला की विभिन्न शाखाओं हेतु बैकर्स इंडेमिनिटी पॉलिसी ली जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

(राशि लाखों में)

| क्र. | पॉलिसी में संरक्षित जोखिम मद | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु प्रस्तावित जोखिम बीमाधन |
|---|---|---|
| 1 | बेसिक बीमा राशि | 25.00 |
| 2 | अतिरिक्त बीमा सेक्शन | |
| | (अ) प्रमाइसिस रिस्क (केश इनसेफ) | 600.00 |
| | (ब) ट्रांजिट रिस्क | 300.00 |
| 3 | बैंक कर्मचारियों की संख्या | 113 |
| 4 | शाखाओं एवं मुख्यालय की संख्या | 17 +1 = 18 |

टीपः– उपरोक्त क्रमांक 1 से संबंधित 15 बिन्दुओं के अंतर्गत रिटर्न फाईल किया जाना है जिसकी सूची लेखा कक्ष मुख्यालय से निविदा प्रेषित करने के पूर्व ही 15 बिन्दुओं से संबंधित शर्तें प्राप्त कर लें।

आदेशानुसार
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित,
मण्डला

स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in